हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



# दही लूट की धूम



- गुढ़ियारी में बड़ा आयोजन, सीएम समेत कई नेता हुए शामिल
- मटका फोड़ने प्रदेश के बाहर से भी पहुंची थी कई टीमें
- शहर के कई इलाकों में 'कान्हा' की टोलियों ने मटकी तोड़ी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मध्यरात्रि मंदिरों में जन्माष्टमी उत्सव के बाद रविवार को शहरभर में दही-हांडी प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। मंदिरों से लेकर गलियों और मैदानों तक गोविंदाओं की टोली पहुंची और मटकी फोड़कर उत्सव में रंग भर दिया। गुढ़ियारी में भव्य प्रतियोगिता हुई, जिसमें छत्तीसगढ़ के साथ महाराष्ट्र, ओडिशा और झारखंड की टोलियों ने हिस्सा लिया। पुरुष गोविंदाओं का पिरामिड आकर्षण का केंद्र रहा।

आनंद का सच्चा भाव*
18 कैरेट रेट* (75.00%) = ₹72863/-
22 कैरेट रेट* (91.60%) = ₹88990/-
24 कैरेट रेट* (99.99%) = ₹97141/-
सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
ANAND Jewels
Pandri, Raipur

## राहुल के आरोपों पर चुनाव आयोग का कड़ा जवाब, इधर, बिहार में विपक्ष की 'वोटर अधिकार यात्रा'

# वोट चोरी शब्द संविधान का अपमान

## हमारे लिए न कोई पक्ष- न विपक्ष, सब समकक्ष

*चुनाव आयोग ने नई दिल्ली के नेशनल मीडिया सेंटर में विपक्ष के 'वोट चोरी' के आरोपों पर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने साफ कहा कि हमारे लिए न कोई पक्ष है और न विपक्ष, सभी राजनीतिक दल हमारे लिए बराबर हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग का लक्ष्य हर पात्र मतदाता को वोटर लिस्ट में लाना और हर अपात्र मतदाता को वोटर लिस्ट से बाहर करना है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

- मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार किया पलटवार
- कांग्रेस ने आयोग के दावे को बताया हास्यास्पद

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने रविवार को कहा कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का उद्देश्य मतदाता सूचियों में सभी त्रुटियों को दूर करना है और यह गंभीर चिंता का विषय है कि कुछ दल इसके बारे में गलत सूचना फैला रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ दल आयोग के कंधे पर रखकर बंदूक चला रहे हैं। निर्वाचन आयोग का यह बयान ऐसे समय आया है, जब कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन में शामिल अन्य दलों ने कथित 'वोट-चोरी' के खिलाफ चुनावी राज्य बिहार में 'वोटर अधिकार यात्रा' शुरू की।

मुख्य चुनाव आयुक्त ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए दोहरे मतदान और 'वोट चोरी' के आरोपों को निराधार करार दिया तथा कहा कि सभी हितधारक पारदर्शी तरीके से एसआईआर को सफल बनाने के लिए काम कर रहे हैं। विपक्ष द्वारा बिहार में एसआईआर के समय पर सवाल उठाए जाने पर कुमार ने कहा कि यह एक मिथक है कि ▶▶|शेष पेज 6 पर

### आयोग ने यह कहा

- चुनाव आयोग अपने संवैधानिक कर्तव्यों से कभी पीछे नहीं हटेगा
- पारदर्शी प्रक्रिया में वोट चोरी असंभव
- मतदाताओं की फोटो बिना इजाजत मीडिया में दिखाई गईं, यह गलत
- एसआईआर में गड़बड़ियां दूर करने के लिए 15 दिन का समय बाकी
- वोटर लिस्ट सुधार में सभी राजनीतिक दल और मतदाता दे रहे योगदान



### जरूरी हो गया था एसआईआर

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि कई दलों की शिकायतों और देश के भीतर मतदाताओं के प्रवास के मद्देनजर नवीनतम एसआईआर आवश्यक हो गया था। उन्होंने कहा, 'जाने-अनजाने में, प्रवास और अन्य समस्याओं के कारण कुछ लोगों के पास कई मतदाता पहचान पत्र हो गए।

### आयोग ने पूछा सवाल

ईसी ने गांधी के आरोपों पर पूछे गए सवालों के जवाब में कहा, क्या निर्वाचन आयोग को शिकायतकर्ता द्वारा शपथपत्र दिए बिना 1.5 लाख मतदाताओं को नोटिस जारी करना चाहिए? सूरज पूर्व दिशा में ही उगता है, किसी और जगह नहीं, सिर्फ इसलिए कि कोई ऐसा कहता है।

### सात दिन में शपथपत्र जमा करें वरना दावे अमान्य

सीईसी ज्ञानेश कुमार ने रविवार को कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को मतदाता सूची में अनियमितताओं के अपने आरोपों पर सात दिन के भीतर शपथपत्र देना चाहिए, अन्यथा उनके 'वोट चोरी' के दावे 'निराधार और अमान्य' माने जाएंगे। उन्होंने कहा कि निराधार आरोप लगाने वालों को देश से माफी मांगनी चाहिए।मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति किसी निर्वाचन क्षेत्र का मतदाता नहीं है। शिकायत दर्ज कराना चाहता है तो वह केवल शपथ लेकर गवाह के रूप में ही ऐसा कर सकता है।

### वेबसाइट पर अपलोड किए 65 लाख मतदाताओं के नाम

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने रविवार को कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद बिहार की मसौदा मतदाता सूची से हटाए गए नामों की सूची उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद जिलाधिकारियों की वेबसाइटों पर डाल दी गई है। चुनावी राज्य बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए, उच्चतम न्यायालय ने पिछले सप्ताह निर्वाचन आयोग से कहा था कि वह मतदाता सूची से हटाए गए 65 लाख नामों का विवरण प्रकाशित करे, साथ ही उन्हें शामिल न करने के कारण भी बताए, ताकि प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ाई जा सके। यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कुमार ने कहा कि शीर्ष अदालत के निर्देश के 56 घंटे के भीतर, जिन मतदाताओं के नाम मसौदा मतदाता सूची में शामिल नहीं थे, उन्हें जिलों की वेबसाइट पर डाल दिया गया। कुमार ने यह भी रेखांकित किया कि भारत में संसद और विधानसभा चुनावों के लिए चुनाव प्रणाली कानून द्वारा परिकल्पित बहुस्तरीय, विकेन्द्रीकृत संरचना है।

- 'वोटर अधिकार यात्रा' की शुरुआत
- 16 दिन में तय की जाएगी 1300 किमी की दूरी

## राहुल फिर बोले- बिहार में नहीं होने देंगे 'चुनाव चोरी'



**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने रविवार को कथित वोट चोरी के खिलाफ यहां से 'वोटर आधिकार यात्रा' शुरू की। इस यात्रा में 16 दिन में 20 से अधिक जिलों में कुल 1,300 किलोमीटर की दूरी तय की जाएगी। इस मौके पर राहुल ने आरोप लगाया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के जरिए बिहार में चुनाव चोरी करने की साजिश की जा रही है, लेकिन विपक्ष इसे सफल नहीं होने देगा। उन्होंने यह दावा भी किया कि अब सबको पता चल गया है कि चुनाव आयोग भारतीय जनता पार्टी के साथ मिलकर पूरे देश में वोट की चोरी ▶▶|शेष पेज 6 पर

### खड़गे बोले- चुनाव आयोग मोदी सरकार का एजेंट

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग मोदी सरकार का एजेंट बन गया है। उन्होंने कहा, मोदी सरकार 2023 में एक कानून लेकर आई। उन्होंने दावा किया, मतलब सरकार ने 2023 में तैयारी की और 2024 में धोखाधड़ी की।

### राहुल की रैली में लालू का जलवा

चंपा देवी। गांव- डेहरी। मुनीर पासवान। गांव- दिनारा। संतोष यादव। गांव - कराकट। एक कांग्रेस। दूसरे राजद और तीसरे सीपीआई के कट्टर समर्थक। नीतीश जाएंगे? इस सवाल पर संतोष यादव ने छूटते ही कहा, वैसे भी उनकी तबीयत ठीक नहीं। भाजपा अब उनको मौका नहीं देने वाली। अब तेजस्वी के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार बिहार में बनेगी। क्यों ? नीतीश ने अच्छा काम नहीं किया? चंपा देवी ने तुनक कर बोलीं, बाक़ी बार महागठबंधन सरकार। आए तो थे सब राहुल गांधी को सामने से देखने लेकिन पागल हो गए लालू यादव को देख के। बीमार लालू के आने का अंदेशा किसी को नहीं था। जब मंच सज गया। राहुल गांधी ,मल्लिकार्जुन खरगे समेत महागठबंधन के सभी नेता जब मंच पर आ गए तेजस्वी ▶▶|शेष पेज 6 पर

## खबर संक्षेप

### जम्मू में सुरक्षा की समीक्षा के लिए कोर ग्रुप की बैठक



**जम्मू।** सेना ने जम्मू क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए नगरोटा स्थित व्हाइट नाइट कोर में एक बैठक की। बैठक में उत्तरी सेना कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा ने क्षेत्र में विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के बीच तालमेल की सराहना की।

### ट्रक की टक्कर, बाइक सवार युवकों की मौत

**बलिया।** बलिया जिले के उभांव थाना क्षेत्र में ट्रक की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौत हो गई। इंद्रजीत राजभर (25) और धनंजय वर्मा (29) श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर खरीदारी कर घर लौट रहे थे। तभी उन्हें तुर्तीपार गांव के निकट एक ट्रक ने टक्कर मार दी। घटना के बाद दोनों युवकों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीयर ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

### दर्शन का सोशल मीडिया संभालेंगी विजयलक्ष्मी




**बेंगलुरु।** कन्नड़ फिल्म अभिनेता दर्शन थुगुदीपा की पत्नी विजयलक्ष्मी ने कहा कि अभिनेता की अनुपस्थिति में वह उनके सोशल मीडिया हैंडल को संभालेंगी और फिल्म से जुड़ी जानकारियां साझा करेंगी।

### फ्लैट दिलाने 1.47 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी

**मुंबई।** नवी मुंबई में करीब एक दशक पहले छह फ्लैट दिलाने का वादा कर कथित तौर पर एक व्यक्ति से 1.47 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी करने वाली एक रियल एस्टेट कंपनी के निदेशक और दो अन्य के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है। आरोपियों ने नवी मुंबई के सीबीडी बेलापुर में एक परिवहन कंपनी के 57 वर्षीय मालिक को कई फ्लैट दिलाने का लालच दिया और जून 2011 से जनवरी 2016 के बीच यह रकम ऐंठ ली।

### नहर में डूबने से दादा और पोते की मौत



**बलरामपुर।** बलरामपुर जिले के गैंडास बुजुर्ग थाना क्षेत्र में नहर में डूबने से दादा और पोते की मौत हो गई। मझौवा गांव निवासी भरथरी सैनी (65) अपने पौत्र आहान सैनी (13) के साथ नहर किनारे घास काटने गए थे।

# 19 लाख के चार हार्डकोर नक्सलियों ने छोड़े हथियार




हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

- गरियाबंद इलाके में आत्मसमर्पण उनकी निशानदेही पर नकदी, गोला-बारुद बरामद

नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत गरियाबंद पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। जिले में एक दशक से सक्रिय रहे चार हार्डकोर नक्सलियों ने हथियारों के साथ पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पित माओवादियों पर कुल 19 लाख रुपए का ईनाम घोषित ▶▶|शेष पेज 6 पर

### कई बड़ी घटनाओं में शामिल

पुलिस के अनुसार, दीपक मंडावी वर्ष 2008 से नक्सली संगठन से जुड़ा था और गरियाबंद-धमतरी क्षेत्र में 25 से अधिक नक्सली वारदातों में शामिल रहा। इनमें झोलाराव, कट्टीगांव, काण्डसर और बेसराझर जैसी बड़ी मुठभेड़ का जिक्र है। वहीं, कैलाश और रनिता लंबे समय तक सीसी मनोज की प्रोटेक्शन टीम का हिस्सा रहे और ओडिशा, कंधमाल, नुआपाड़ा व बस्तर में कई घटनाओं को अंजाम दिया। सुजीता हाल ही में संगठन में भर्ती हुई थी और गरियाबंद इलाके में सक्रिय थी।

### क्यों किया समर्पण?

समर्पित नक्सलियों ने बताया कि संगठन अब निर्दोष ग्रामीणों की हत्या, विकास कार्यों में बाधा, जबरन भर्ती और अवैध वसूली का अड्डा बन चुका है। बड़े कैडरों द्वारा छोटे नक्सलियों का शोषण किया जाता है। शासन की आत्मसमर्पण व पुनर्वास नीति, पुलिस की लगातार अपील और पहले से आत्मसमर्पण कर चुके साथियों के खुशहाल जीवन को देखकर उन्होंने हथियार छोड़ने का निर्णय लिया।

# एनडीए ने महाराष्ट्र के राज्यपाल राधाकृष्णन को चुना उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भाजपा संसदीय बोर्ड ने महाराष्ट्र के राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की ओर से उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में रविवार को नामित किया। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने यह घोषणा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में व्यापक विचार-विमर्श के बाद राधाकृष्णन के नाम पर फैसला किया गया। नड्डा ने उम्मीद जताई कि विपक्षी दल राजग उम्मीदवार का समर्थन करेंगे।

## भाजपा संसदीय बोर्ड की बैठक में फैसला



**सीपी राधाकृष्णन :** सीपी राधाकृष्णन वर्तमान में महाराष्ट्र के राज्यपाल हैं। वह तमिलनाडु से हैं। झारखंड के पूर्व राज्यपाल रह चुके हैं। वह आरएसएस पृष्ठभूमि से आते हैं। तमिलनाडु भाजपा के पूर्व अध्यक्ष रह चुके हैं। कोयंबटूर से दो बार लोकसभा के सांसद चुने गए हैं।

**निर्विरोध निर्वाचन की कोशिश :** केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा, हम विपक्ष से भी बात करेंगे। हमें उनका समर्थन भी प्राप्त करना चाहिए ताकि हम मिलकर उपराष्ट्रपति पद के लिए निर्विरोध चुनाव सुनिश्चित कर सकें। जैसा कि हमने पहले कहा, हम उनके संपर्क में हैं और हमारे वरिष्ठ नेताओं ने पहले भी उनसे संपर्क किया है और अब भी हम उनके संपर्क में रहेंगे। हमारे सभी एनडीए सहयोगियों ने हमारा समर्थन किया है।

# विधायक शपथ के लिए तैयार दिल्ली से संदेश का इंतजार

- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के विदेश प्रवास से पहले होगा मंत्रिमडल विस्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

साय मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर रविवार को दिनभर गहमागहमी रही। विधायक रायपुर में डेरा डाले रहे। दिनभर चर्चाओं का दौर चलता रहा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से राज्यपाल रमन डेका की मुलाकात के बाद माना जा रहा था कि 18 अगस्त, सोमवार को शपथ ग्रहण समारोह राजभवन में आयोजित किया जाएगा। लेकिन रविवार शाम तक स्थिति साफ नहीं हुई। ऐसे में माना जा रहा है कि सोमवार को समारोह मुश्किल है। मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चाओं के ▶▶|शेष पेज 6 पर

### अमर-राजेश के नाम पर पेंच

मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर जो तीन नाम सामने आए हैं, उनमें दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव, आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब के नाम लगभग तय माने जा रहे हैं। अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल के नाम पर पेंच फंस गया है। बिलासपुर संभाग से अमर अग्रवाल का नाम प्रमुखता से लिया जा रहा है। ऐसे में दो नामों पर पेंच फंस गया है।

## होटल संचालक व लोग ले गए अस्पताल, डाक्टरों ने किया मृत घोषित

# साइलेंट अटैक: नाश्ता करने आया युवक गिरा, और मौके पर हुई मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जांजगीर- चाम्पा

जिला मुख्यालय जांजगीर के एक होटल में नाश्ता करने पहुंचे युवक की साइलेंट अटैक ने जान ले ली। हार्टअटैक से युवक के मौत की आशंका जताई जा रही है। होटल के सीसीटीवी में पूरी घटना कैप्चर हुई है। कोतवाली पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जांजगीर के स्टेशन रोड में संचालित होटल नवरंग में रविवार 17 अगस्त की दोपहर एक युवक नाश्ता करने पहुंचा। होटल के अंदर वह टेबल के पास पहुंचते ही अचानक ▶▶|शेष पेज 6 पर



**अंबिकापुर में हो चुकी हैं दो घटनाएं:** अंबिकापुर में पिछले छह माह में हार्टअटैक से मौत के दो मामले सामने आए हैं। जिसमें दोनों युवकों की अचानक मौत हो गई। एक मामले में बतौली गोविन्दपुर निवासी 37 वर्षीय सिविल तिर्की अपनी बाइक से किसी काम से प्रतीक्षा बस स्टैंड की ओर जा रहा था। इस दौरान अचानक ही युवक की बाइक अनियंत्रित हो गई और वह सड़क किनारे गिर गया।

# 1890 में 5.45 पैसे एक हाथ की दर से बिकती थी जमीन, एक प्रतिशत स्टाम्प एवं उससे भी कम पंजीयन शुल्क

लक्ष्मण लेखवानी ▸▸| रायपुर


खास खबर

1890 के दशक में छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर शहर के मुख्य इलाकों की जमीन की कीमत कौड़ियों के बराबर थी। उस दशक में जमीन इंच या वर्गफीट में नहीं, बल्कि एक हाथ माप के अनुसार लोग बेचा-खरीदा करते थे। वहीं रजिस्ट्री कराने में भी लोगों को बहुत कम पैसे खर्च करने पड़ते थे। तीन सौ रुपए कीमत की जमीन मात्र 5 रुपए रजिस्ट्री हो जाती थी। इसके लिए स्टाम्प ड्यूटी 3 रुपए तथा पंजीयन शुल्क 2 रुपए ही खर्च करना पड़ता था। हालांकि उस दौर में एक रुपए 192 पाइयों के बराबर हुआ करता था, इसलिए उस दौर में एक रुपए खर्च करना भी बड़ी बात होती थी, लेकिन समय के साथ जिस तरह पाई और आना बदलकर अब पैसे व रुपए ले चुका है, ठीक उसी प्रकार रजिस्ट्री कराना भी काफी महंगा हो गया है।

### बूढ़ापारा क्षेत्र में 5.45 पैसे प्रति हाथ की दर से बिकी थी जमीन

हरिभूमि ने रायपुर शहर में 1890 दशक में हुई कुछ रजिस्ट्रियों के पन्नों को पलटा। इन पन्नों को देखकर पता चला कि इस दशक में रायपुर शहर में लोग किस कीमत, माप पर जमीन की खरीदी-बिक्री करते थे और रजिस्ट्री कैसे होती थी। 1894 में बूढ़ापारा में हुई एक रजिस्ट्री पेपर के अनुसार एक व्यक्ति ने अपनी जमीन जिसकी कुल लंबाई 39 हाथ और चौड़ाई 16 हाथ कुल 55 हाथ की जमीन का सौदा 3 सौ रुपए में किया था। इस तरह प्रति हाथ जमीन को 5 रुपए 45 पैसा की दर से बेचा गया था। इस पेपर में बेचने वाले व्यक्ति की जमीन पर दो मंजिला पुराना मकान, परछी, आंगन एवं कुटिया भी बनी हुई थी। इस जमीन का सौदा कुल 3 सौ रुपए में हुआ था, वहीं रजिस्ट्री कराने के लिए 3 रुपए का स्टाम्प एवं 2 रुपए पंजीयन शुल्क लगा था। इस तरह रजिस्ट्री कराने में मात्र 5 रुपए की राशि खर्च हुई थी।

### बूढ़ापारा में दो मंजिला मकान 300 रुपए में बिका, 3 रुपए का स्टाम्प एवं 2 रुपए पंजीयन शुल्क लगा



### 131 साल बाद इसी जमीन की कीमत 10 हजार वर्गफीट से ज्यादा

बूढ़ापारा में 1894 में प्रति हाथ यानी आधा मीटर से भी कम जो जमीन 5.45 पैसे की दर से बिकी है, उसी जमीन की कीमत अब 131 साल बाद 2025 में प्रति वर्गफीट 10 हजार रुपए या उससे अधिक हो गई है। इस तरह जमीन कीमत के साथ रजिस्ट्री कराना भी काफी महंगा हो गया है। पहले के दशक में स्टाम्प ड्यूटी 1 प्रतिशत एवं पंजीयन शुल्क एक प्रतिशत से भी कम लगता था, वहीं अब स्टाम्प ड्यूटी में अब अधिकतम 6.6 प्रतिशत एवं पंजीयन शुल्क 4 प्रतिशत लग रहा है।

## खबर संक्षेप

### चाकू से किया हमला फरार आरोपी 10 दिन बाद पकड़ा गया



**रायपुर।** धरसींवा थाना क्षेत्र की सिलतरा पुलिस चौकी अंतर्गत 10 दिन पूर्व शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर चाकू से हमला करने के फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बबलू भुइंया की शिकायत पर पुलिस ने मंजीत यादव को गिरफ्तार किया है। बबलू ने पुलिस को बताया कि वह अपने दोस्त के साथ पैदल घर जा रहा था, इस दौरान बिलासपुर-सिलतरा बायपास के पास मंजीत और उसके अन्य दोस्त ने उससे शराब पीने पैसे मांगे। पैसे देने से इंकार करने पर मंजीत गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर मंजीत ने बबलू पर चाकू से हमला कर दिया।

### इंजीनियर के सूने मकान से कैश-जेवर पार

**रायपुर।** टिकरापारा थाने में एक सीमेंट फैक्ट्री के इंजीनियर ने अज्ञात चोर के खिलाफ उसके सूने मकान से नकदी 10 हजार रुपए सहित 25 हजार रुपए के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बोरियाखुर्द निवासी मो. रशीद ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। रशीद ने पुलिस को बताया कि गुरुवार को घर में शार्ट सर्किट होने की वजह से वह अपने घर का ताला बंद कर सोने के लिए ससुराल चला गया था। दूसरे दिन रशीद अपने घर पहुंचा तो उसने देखा, अज्ञात चोर घर के दरवाजे में लगा ताला तोड़ मकान के अंदर प्रवेश कर नकदी सहित सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले गया है।

### ट्रक की चपेट में आने से युवती की मौत

**रायपुर।** आमानाका थाना क्षेत्र के नंदनवन, चंदनीडीह मोड़ के पास एक युवती की ट्रक से कुचलकर मौत हो गई। मृतका बेमेतरा की रहने वाली थी। वह रायपुर में डिफेंस की पढ़ाई कर रही थी। घटना रात आठ से नौ बजे के बीच की बताई जा रही है। युवती एक स्कूटी पर सवार होकर अपनी दो अन्य सहेलियों के साथ जन्माष्टमी मनाने इस्कॉन मंदिर जा रही थी, तभी हादसा हुआ। पुलिस के मुताबिक मृतका का नाम भूमि चंद्राकर है। भूमि अपनी दो अन्य सहेलियों के साथ एक्टिवा से मंदिर जा रही थी।

## शासन के आदेश के बाद नगर निगम ने कॉलोनियों से मांगी जानकारी

# कॉलोनियों को गीले कचरे और सीवरेज का खुद करना होगा ट्रीटमेंट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

हरिभूमि सरोकार

राज्य शासन ने निकायों के लिए नया फरमान जारी किया है। इसके अंतर्गत कॉलोनियों को अब निकलने वाले कचरे की प्रोसेसिंग खुद करनी पड़ेगी। इसकी मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी निकायों की होगी। इस आदेश का सख्ती का पालन करने के निर्देश जारी किए गए हैं। बता दें कि दुर्ग शहर में ऐसी 32 से ज्यादा कॉलोनियां हैं। अब इन कॉलोनियों में गीला कचरा और सीवरेज के पानी का ट्रीटमेंट खुद करना होगा। इसके बाद इसे नालियों के रास्ते छोड़ा जा सकेगा। सूखे कचरे के प्रोसेस के लिए निगम मदद करेगा। इस आदेश के बाद दुर्ग निगम के ऐसी सारी कॉलोनियों में सर्वे शुरू कर दिया है। अधिकारियों के मुताबिक ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अधिनियम 2016 में दिए गए प्रावधानों के अनुसार कॉलोनी में ही अपशिष्ट प्रबंधन किया जाना है। वर्तमान में नालियों की सफाई, डोर टू डोर कचरा कलेक्शन का काम निगम कर रहा है, जहां से गीला-सूखा कचरा लिया जा रहा है। उसे एसएलआरएम सेंटर पहुंचाया जा रहा है।



### शासन से जारी आदेश का करेंगे अवलोकन

शासन ने इसे लेकर आदेश जारी किया है। आदेश का अवलोकन किया जाएगा। इसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी। शहर में इस समय 32 से ज्यादा कॉलोनियां हैं, जहां से हम डोरटूडोर कचरा कलेक्ट कर रहे हैं। सीवरेज को लेकर शासन की पहले ही गाइडलाइन तय है। जांच के बाद नियमतः कार्रवाई की जाएगी।

**- सुमित अग्रवाल**
आयुक्त नगर निगम दुर्ग

### कॉलोनियों को दी जाएगी ट्रेनिंग, खर्च स्वयं उठाना होगा

अधिकारियों ने बताया कि कॉलोनियों में गीला कचरा प्रोसेसिंग और सीवरेज पानी का ट्रीटमेंट के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद लगाए गए प्लांट और अन्य का खर्चा कॉलोनी को वहन करना होगा। उन्हें अपशिष्ट प्रबंधन के बारे में जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा कॉलोनी का सूखा कचरा निकाय ही कलेक्ट करेगा। इसके लिए यूजर चार्ज की वसूली निर्धारित दरों से की जाएगी। इसके अलावा जिन कॉलोनियों को निगम में समाहित किया जा चुका है, वहां की व्यवस्था बनाने की जिम्मेदारी निगम की होगी। हाउसिंग बोर्ड की कॉलोनियों में भी यह नियम लागू होगा।

### आदेश का नहीं हो रहा था पालन

बता दें शासन द्वारा जारी आदेशों का अब तक पालन नहीं हो रहा है। अब कहा गया है कि कॉलोनाइजर, बिल्डर द्वारा निर्मित आवासीय व्यावसायिक परिसरों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं उपयोगित जल के संग्रहण, उपचार एवं पुनर्चक्रण की समुचित व्यवस्था की संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित कॉलोनाइजर बिल्डर तथा हैण्डओवर की स्थिति में रहवासी कल्याण संघ की है। ऐसा नहीं होने पर कार्रवाई की जाएगी।

### डॉ. रमन आज जाएंगे दिल्ली, पीएम और लोकसभा अध्यक्ष से मिलेंगे



**रायपुर।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 18 अगस्त को दिल्ली जाएंगे। डॉ. सिह दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला को छत्तीसगढ़ के नए विधानसभा भवन के लोकार्पण के लिए न्योता देंगे। छत्तीसगढ़ विधानसभा का नया विधानसभा भवन आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। भवन का निर्माण लगभग पूरा हो गया है। 30 सितंबर तक लोक निर्माण विभाग द्वारा इसका निर्माण पूरा कर विधानसभा को हैंडओवर किया जाएगा। विधानसभा भवन का लोकार्पण राज्योत्सव के समय 1 से 7 नवंबर के बीच किए जाने का कार्यक्रम है। लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कराने की योजना है। पूर्व में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलकर इसके लोकार्पण के लिए समय देने की मांग कर चुके हैं। अब विधानसभा अध्यक्ष पुनः न्योता देकर लोकार्पण कार्यक्रम में आने का अनुरोध करेंगे।

परिवार न्यायालय ने भी तलाक की अर्जी की थी खारिज

## हाईकोर्ट बोला-पत्नी के कैरेक्टर पर शक क्रूरता जैसा, पति की अपील खारिज



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बिलासपुर

हाईकोर्ट ने पति-पत्नी के पारिवारिक विवाद और तलाक को लेकर दायर याचिका को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि, सबूत के बिना पत्नी की चरित्र पर आरोप लगाना उसके साथ क्रूरता है। हाईकोर्ट ने पति की अपील को खारिज कर फैमिली कोर्ट के आदेश को सही ठहराया है। दरअसल, रायगढ़ जिले में रहने वाले युवक और ओडिशा के सुंदरगढ़ की युवती के साथ 24 जून 2012 में हिंदू रीति-रिवाज के साथ शादी हुई थी। उनके दो बच्चे है, जिनमें एक बेटी और एक बेटा हैं। अभी दोनों बच्चे पत्नी के साथ रह रहे हैं। 2018 में पत्नी दोनों बच्चों को लेकर अपने मायके चली गई। इसके बाद पति ने परिवार न्यायालय में तलाक के लिए आवेदन पेश किया। आवेदन में पति ने अपनी पत्नी की चरित्र पर शक करते हुए अवैध संबंध के आरोप लगाए। इधर, पत्नी ने अपना पक्ष रखते हुए कोर्ट को बताया कि वह प्रताड़ित की जाती थी।

### पत्नी के खिलाफ एक भी साक्ष्य नहीं

इसके खिलाफ पति ने हाईकोर्ट में अपील की और दोनों बच्चों की कस्टडी भी मांगी। सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि पत्नी पर व्यभिचार के आरोपों के साथ ही मोबाइल पर बातचीत को छोड़कर कोई भी इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य अभिलेख पर उपलब्ध नहीं है। इस बात का भी स्पष्ट प्रमाण नहीं है कि उनका विवाह के बाहर कोई संबंध है। हाईकोर्ट ने फैसले में कहा कि अगर पत्नी की चरित्र की पवित्रता पर आरोप लगाया जाता है, तो यह पति की तरफ से पत्नी के खिलाफ क्रूरता के समान है। पति ने अपनी पत्नी के साथ क्रूरता की, जिस कारण उसकी पत्नी को अलग रहने का उचित कारण मिला। ऐसे में फैमिली कोर्ट के आदेश पर हस्तक्षेप करने का कोई आधार नहीं है। जिसके बाद हाईकोर्ट ने पति की अपील को खारिज कर दी है।

# धान की फसल सूखने लगी, किसानों की मांग पर गंगरेल से छोड़ा गया पानी

### धमतरी, रायपुर, बेमेतरा, सारंगढ़-रायगढ़ के बांधों से पानी छोड़ने की मांग

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

छत्तीसगढ़ में इस बार अच्छी बारिश हुई है। प्रदेश के कई बांध भर चुके हैं, लेकिन पिछले कुछ दिनों से मानसून ब्रेक की स्थिति के चलते प्रदेश में धान की फसल सूखने लगी है। सारंगढ़-रायगढ़ इलाके में बारिश के अभाव में खेत सूखने लगे है। धमतरी, बेमेतरा, सारंगढ़, रायगढ़ और रायपुर जिले के कुछ इलाकों में बारिश के अभाव में फसलों पर खतरा मंडराने लगा है। यहां फसलों को बचाने बांधों से पानी छोड़ने की मांग लगातार की जा रही है। रविवार को सिंचाई के लिए गंगरेल बांध के दो गेट खोले गए।

बीते 10-12 दिनों से बरसात न होने व मानसून ब्रेक की स्थिति के चलते खेतों में पानी की कमी से किसानी कार्य लगभग ठप हो गया था। किसानों का कहना है कि कम बारिश होने से अब उनकी खेती-किसानी पर असर पड़ने लगी है। जिला प्रशासन से मांग की गई है कि जल्द पानी नहीं छोड़ा गया तो फसल पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। बताया जाता है कि धमतरी जिले के सिवानकला और उनके आसपास के 15 गांवों में भी यही स्थिति है। अल्पवर्षा के कारण खेती-किसानी कार्य, रोपा और बियासी नहीं हो पाए हैं। किसानों की धान की फसल बर्बाद होने लगी है। यही हाल अभनपुर, आरंग, धरसींवा के कुछ इलाकों का है। खंड वर्षा की वजह से कई गांवों में पानी बरसने के बाद तेज धूप के चलते खेतों से पानी गायब होने के कारण जमीन पर दरार दिखाई दे रही है। रोपा और बियासी के लिए खेतों में पानी होने पर फसल सूखने से बच सकती है।

### सिंचाई के लिए गंगरेल के दो मुख्य गेट खुले

गंगरेल बांध के मुख्य 14 गेट से पानी छोड़े जाने का नजारा लेने लोग लालयित रहते हैं, लेकिन बांध लबालब होने से पहले सिंचाई के लिए रविवार को दो गेट खोले गए। इसके अलावा पेन स्टाक (बिजली उत्पादन) वाला तथा भिलाई केनाल से पानी छोड़ा जा रहा है। दो रेडियल गेट से 2500 क्यूसेक, पेन स्टाक से 1650 क्यूसेक तथा एचआर गेट से 300 क्यूसेक पानी गंगरेल बांध से छूट रहा है। रविवार शाम को गंगरेल बांध में 81.30 फीसदी जलभराव की स्थिति है। पानी की आवक 6200 क्यूसेक दर्ज की गई है।

### धान की फसल के लिए पानी की ज्यादा जरूरत

धान की फसल के लिए पानी की ज्यादा डिमांड होती है। अगर रोपाई और बियासी के समय ज्यादा मात्रा में पानी नहीं मिलती है तो फसल बर्बाद हो सकता है, इसलिए किसान परेशान हैं।

### सिकासार भरा, नदी में छोड़ा जा रहा पानी

लगातार हो रही बारिश से गरियाबंद जिले स्थित सिकासार बांध में जलस्तर बढ़ गया है। बांध में पानी 193.97 मीटर क्यूबिक तक पहुंच गया है। इस सीजन में पहली बार जलाशय 97.51 प्रतिशत जलभराव पर पहुंचा है।

## नक्सल चीफ की मौत के बाद खत्म हुई लाल दहशतगर्दी

# अबूझमाड़ के 11 गांव में पहली बार शान से लहराया तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नारायणपुर





आजाद भारत के इतिहास में अबूझमाड़ के ग्यारह गांवों में पहली बार तिरंगा ध्वज फहराया गया हैं। गांवों में आजादी का जश्न मनाने के लिए महिलाओं और बच्चों की सहभागिता अहम रही। फोर्स की आमद के बाद नक्सलियों का सुरक्षित ठिकाना खत्म हो चुका हैं। जिस गांव में नक्सली राष्ट्रीय पर्व के दौरान काले झंडे फहराया करते थे, उन गांवों की फिजा बदल चुकी हैं। गन तंत्र की दहशत खत्म होते ही गांव में आजादी के तराने गुनगुनाने लगे हैं। बस्तर संभाग में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन से लाल आतंकियों की कमर टूट चुकी हैं। शीर्ष लीडरों की मौत के बाद बस्तर के बीहड़ों में लाल दहशतगर्दी खत्म हो गई है। जिसकी बानगी अबूझमाड़ के 11 गांव में लहराते तिरंगे झंडे को देखकर आसानी से लगाया जा सकता हैं। अबूझमाड़ के जंगल में नक्सल चीफ के इनकाउंटर में मारे जाने के बाद नक्सलियों संगठन काफी कमजोर हो चुका हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नक्सलमुक्त बस्तर के दावे के बीच सुरक्षा बल के जवानों का मनोबल काफी ऊंचा दिख रहा हैं। जंगलों के अंदर एक के बाद एक नया कैंप स्थापित किया जा रहा हैं। जिसकी वजह से नक्सलियों का आधार इलाका सिमट गया हैं।


अबूझमाड़ में पिछले कई दशक से नक्सलवाद की जनताना सरकार का हुकूमत चल रहा था। अंदरूनी इलाकों में फोर्स के द्वारा लगातार कैम्प खोले जाने से नक्सलवाद की पकड़ कमजोर होती जा रही हैं। नक्सल जनरल सेक्रेटरी बसवा राजू उर्फ बीआर दादा को ढेर करने के बाद माड़ की आबोहव पूरी बदल चुकी हैं।

### जिले में मारे गए नक्सलियों की संख्या 96 पार

नारायणपुर जिला में अब तक आत्मसमर्पित नक्सली की संख्या 156 पहुंच चुकी हैं। वही नारायणपुर जिला में मारे गए नक्सलियों की संख्या 96 का आंकड़ा पार कर चुकी है। नक्सलगढ़ में 15 कैंप खुलने से पहुंच मार्ग आसान हो रहा हैं। महाराष्ट्र तक पहुंचने के लिए सड़को का जाल बिछाया जा रहा हैं।

### इन गांवों में पहली बार लहराया तिरंगा

स्वतंत्रता दिवस के मौके पर अबूझमाड़ के कुतुल, होराढी, गारपा, कच्चापाल, पदमकोट, नेलांगुर, पांगुड, रायनार, कोडलियर, कान्दुलनार, बेड़माकोटी में पहली बार शान से तिरंगा फहराया गया। इस दौरान गांवों में उत्सव का माहौल देखने को मिला। गांवों की बुजुर्गों के साथ स्कूली बच्चों ने प्रोग्राम में शिरकत कर स्वतंत्रता दिवस पर भारतमाता के जयकारे लगाते रहे।

बिलासपुर
सोमवार, 18 अगस्त 2025
भाद्रपद कृष्ण पक्ष दशमी
वर्ष: 25, अंक : 145
पृष्ठ : 10+6 = 16 मूल्य : 4.00***

मौसम
अधि. 33.3
न्यून. 23.8

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

# मानसून में डिमांड नहीं, फिर भी बढ़ा दिए सीमेंट के 20 से 25 रुपए दाम

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में सीमेंट कंपनियां मनमानी से बाज नहीं आ रही हैं। इस बार भी मानसून में डिमांड न होने के बावजूद सीमेंट के दाम अलग-अलग कंपनियों ने 20 से 25 रुपए तक बढ़ा दिए हैं। बिल्डिंग मटेरियल का काम करने वालों का कहना है कि सीमेंट कंपनियां अपना हर माह का टार्गेट पूरा करने के लिए सीमेंट की कीमत बढ़ाने का काम करती हैं, इसके बाद जब टार्गेट पूरा हो जाता है तो कीमत कम कर देती हैं।

बीते साल तो कंपनियों ने खुले बाजार और नॉन ट्रेड सीमेंट के 50-50 रुपए तक दाम बढ़ा दिए थे। इसके बाद सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने इसके खिलाफ मोर्चा खोलते हुए इस मामले में केंद्रीय मंत्री के साथ-साथ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को भी पत्र लिखा था।

## सीमेंट कंपनियां हमेशा करती हैं इसी तरह से मनमानी

### उद्योग मंत्री ने ली थी बैठक

*उद्योग मंत्री लखन देवांगन ने सीमेंट कंपनियों की बैठक भी ली थी, पहले तो दाम कम किए गए, फिर बाद में बढ़ा भी दिए गए। प्रदेश की सीमेंट कंपनियां सीमेंट के दाम जब मर्जी होती है, बढ़ा देती हैं। खुले बाजार के सीमेंट के साथ सरकारी कार्यों में लगने वाले नॉन ट्रेड सीमेंट के दाम भी बढ़ा दिए जाते हैं। जानकारों का कहना है कि सीमेंट के दामों पर केंद्र और राज्य सरकार का नियंत्रण न होने के कारण सीमेंट कंपनियां मनमर्जी करती हैं। अगर सरकार का इस पर नियंत्रण रहे तो सीमेंट कंपनियां मनमर्जी नहीं कर पाएंगी।*



### कंपनियां नहीं सुनतीं बात

बीते साल जब सीमेंट के दाम मनमर्जी से बढ़ाए गए थे तो इस मामले को प्रदेश सरकार ने गंभीरता से लेते हुए सीमेंट कंपनियों के साथ बैठक की थी। तब उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने सीमेंट कंपनियों से बढ़े दाम वापस लेने के साथ यह भी कहा था कि जब भी सीमेंट के दाम बढ़ाए जाएं तो इसकी जानकारी सरकार को कारण के साथ दी जाए, लेकिन बीते साल ही सीमेंट कंपनियों ने पहले बढ़े दाम वापस लिए, उसके बाद फिर से सरकार को बताए बिना दाम बढ़ा दिए थे।

### बढ़ा दिए दाम

सीमेंट कंपनियां हमेशा ही मानसून में डिमांड न होने के बाद भी दाम बढ़ाने का काम करती हैं। इस बार भी दाम बढ़ दिए गए हैं। बिल्डिंग मटेरियल का काम करने वालों के मुताबिक लोकल सीमेंट के दाम 250 रुपए से प्रारंभ होते हैं। इसके दाम 270 रुपए हो गए हैं। इसी तरह से ब्रांडेड कंपनियों के दाम जो पहले 270 से 285 रुपए थे, इसके दाम 290 से 310 रुपए कर दिए गए हैं। आने वाले समय में दाम और बढ़ाने की बात की जा रही है। कारोबारियों का कहना है जिनके यहां रोज एक ट्रक तक माल बिक जाता था, उनके यहां रोज 50 बोरी भी नहीं बिक रही है। कई कारोबारियों के यहां रोज पांच से दस बोरी सीमेंट भी नहीं बिक पा रहा है, इसके बाद भी दाम बढ़ाए जा रहे हैं।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### छात्रावास में छात्र मृत मिला, जांच शुरू

**पणजी।** बिट्स पिलानी के गोवा परिसर में 20 वर्षीय एक छात्र अपने छात्रावास के कमरे में मृत पाया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और उसके बाद ही मौत का सही कारण पता चल सकेगा। वर्ना पुलिस थाने में इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है। उत्तर प्रदेश के मूल निवासी जैन, वास्को स्थित 'बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस' में अर्थशास्त्र और कंप्यूटर विज्ञान के तृतीय वर्ष का छात्र था।

### यूट्यूबर एल्विश के घर के बाहर गोलीबारी

**नई दिल्ली।** यूट्यूबर एल्विश यादव के गुरुग्राम सेक्टर 57 में स्थित आवास के बाहर रविवार सुबह दो नकाबपोश हमलावरों ने दो दर्जन से अधिक गोलियां चलाईं। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गयी, जिसमें दो बाइक सवार नकाबपोश बदमाश घर के बाहर आते और दूर से गोलियां चलाते दिखाई दे रहे हैं।

# किश्तवाड़ के बाद अब कठुआ में तबाही बादल फटने से आया सैलाब, 7 की मौत



जम्मू-कश्मीर में एक बार फिर तबाही मची। किश्तवाड़ के बाद अब कठुआ में कुदरत की तबाही देखने को मिली। कठुआ जिले में रविवार तड़के बादल फटने से सैलाब आ गया। बादल फटने से कई जगहों पर लैंडस्लाइड हुए। हर ओर चीख-पुकार मच गई। कई लोगों के घर मलबों में तब्दील हो गए। अब तक सात लोगों की मौत की खबर है।


बहते घर-गाड़ियां और मलबे में दबी जिंदगी...तबाही से दहला कठुआ



एजेंसी ▶▶| जम्मू

जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में रविवार तड़के बादल फटने और भूस्खलन की दो अलग-अलग घटनाओं में पांच बच्चों समेत चार परिवारों के सात सदस्यों की मौत हो गई। जिले में रात भर हुई भारी बारिश के बीच राजबाग के जोध घाटी गांव और और जंगलोट में यह आपदा आई जिससे जलाशयों का जलस्तर बढ़ गया और कई निचले इलाकों में जलभराव हो गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को ▶▶|शेष पेज 6 पर

### शाह ने की एलजी-सीएम से बात



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, कठुआ में बादल फटने की घटना के संबंध में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री से बात की। स्थानीय प्रशासन राहत एवं बचाव कार्य में जुटा है। एनडीआरएफ (राष्ट्रीय आपदा मोचन बल) की टीमें भी घटनास्थल पर पहुंच गई हैं। मोदी सरकार की ओर से हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

### ...और ढह गए मिट्टी के घर

सोशल मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो में मिट्टी के दो घर ढहते दिखाई दे रहे हैं, जहां पीड़ित मलबे में आधी धंसी एक लड़की को निकालने की कोशिश कर रहे हैं और लापता लोगों की तलाश में जुटे हैं। कठुआ थाना क्षेत्र के बगड़ और चंगड़ा गांवों और लखनपुर थाना क्षेत्र के दिलवां-हुटली में भी भूस्खलन की घटनाएं हुईं, लेकिन किसी बड़े नुकसान की सूचना नहीं है।

### इनकी हुई मौत

अधिकारियों ने मृतकों की पहचान जोध घाटी के निवासी सुरमु दीन (32), उनके बेटे फानू (छ) और शेद्दु (पांच), जुल्फून (15) और ताहू (दो) तथा जंगलोट निवासी रेणु देवी (39) और उनकी बेटी राधिका (नौ) के रूप में की है। घायलों की पहचान सुरमुदीन की पत्नी गोगली बेगम (26), बेटी नगीना (तीन माह) और हबीब दीन की पत्नी करून बेगम (26) और बेटियों राफिया बेगम (चार), आयशा बेगम (छह) और परवीन अख्तर (8) के रूप में हुई है।

शवों की पहचान अब डीएनए टेस्ट से होगी



### किश्तवाड़ में स्थिति भयावह

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में बादल फटने के बाद मची तबाही चौथे दिन और भी भयावह होती जा रही है। मलबे से शवों को निकालने का सिलसिला जारी है। किसी का सिर तो किसी का पैर इस दिल दहला देने वाले मंजर ने हर किसी की रूह कंपा दी है।

मोदी बोले- दीपावली पर मिलेगा डबल बोनस

# प्रधानमंत्री ने जीएसटी सुधार लागू करने राज्यों से मांगा सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि केंद्र ने अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों का मसौदा राज्यों को दे दिया है और दिवाली से पहले प्रस्ताव को लागू करने के लिए उनका सहयोग मांगा गया है। उन्होंने कहा कि माल एवं सेवा कर में सुधार से गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों के साथ ही छोटे और बड़े व्यवसायों को भी लाभ होगा।

प्रधानमंत्री ने दो एक्सप्रेसवे के उद्घाटन के बाद यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र जीएसटी कानून को सरल बनाने और कर दरों में संशोधन करने का इरादा रखता है। उन्होंने कहा, हमारे लिए सुधार का अर्थ सुशासन को आगे बढ़ाना है।

### क्या है प्रस्ताव

वैश्विक व्यापार में 'अगली पीढ़ी का जीएसटी' अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगा। कम कर दरों और केवल दो स्लैब - पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत का प्रस्ताव है। दो स्लैब वाली व्यवस्था को मंजूरी देती है तो जीएसटी व्यवस्था में 12 प्रतिशत और 28 प्रतिशत के स्लैब खत्म हो जाएंगे।

### 'वोकल फॉर लोकल' की अपील

प्रधानमंत्री ने स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए 'वोकल फॉर लोकल' की अपील की और भारतीयों से भारत में बने उत्पाद खरीदने को कहा। उन्होंने कहा, भारत को मजबूत बनाने के लिए हमें चक्रधारी मोहन (भगवान श्री कृष्ण) से प्रेरणा लेनी चाहिए और भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हमें चरखाधारी मोहन (महात्मा गांधी) के मार्ग पर चलना चाहिए।

# सरकारी कुर्सी पर बैठ गाया गाना, तहसीलदार सस्पेंड

एजेंसी ▶▶| लातूर

महाराष्ट्र के लातूर में स्थानांतरण के बाद विदाई समारोह में अपनी आधिकारिक कुर्सी पर बैठकर बॉलीवुड गीत गाने के आरोप में एक तहसीलदार को निलंबित कर दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि एक व्यापक रूप से प्रसारित वीडियो में, प्रशांत थोराट 1981 की अमिताभ बच्चन अभिनीत फिल्म 'याराना' का गाना 'यारा तेरी यारी को' जोश के साथ गा रहे हैं और उनके आस-पास मौजूद लोग ताली बजा रहे थे। थोराट के पीछे लगे बोर्ड पर 'तालुका मजिस्ट्रेट' लिखा है। नांदेड़ जिले के उमरी में तैनात थोराट का तबादला पड़ोसी लातूर के रेनापुर में कर दिया गया।

■ विदाई समारोह का मामला



### वायरल हुआ वीडियो

हालांकि, थोराट के गाना गाने का यह वीडियो सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित हो गया, जिसे लेकर लोगों ने तीखी प्रतिक्रियाएं व्यक्त कीं। कई लोगों ने कहा कि एक जिम्मेदार सरकारी पद पर बैठे व्यक्ति के लिए यह व्यवहार अनुचित है। इस विवाद की जानकारी मिलने के बाद जिलाधिकारी ने एक रिपोर्ट सौंपी।

# कार-एसयूवी की टक्कर, आठ जिंदा जले

**सुरेंद्रनगर।** गुजरात के सुरेंद्रनगर जिले में रविवार को एक राजमार्ग पर एक कार और एसयूवी के बीच हुई टक्कर के बाद आग लगने से कार में सवार 8 लोगों की झुलसने से मौत हो गई। वधावन पुलिस थाने के निरीक्षक पी.बी. जडेजा ने बताया, डेडादरा गांव के निकट अपराह्न लगभग साढ़े तीन बजे हुई इस घटना में कार में सवार सात लोग जिंदा जल गए जबकि एसयूवी में सवार तीन लोग मामूली रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के कारण हाईवे पर भारी ट्रैफिक जाम लग गया।



### बिजली खंभा गिरने से किशोर की मौत

एक अन्य हादसे में कच्छ जिले में जन्माष्टमी के मौके पर दही हांडी कार्यक्रम के दौरान लोगों के एक समूह पर बिजली का खंभा गिर गया। इसमें 15 साल के एक किशोर ईश्वर वरचंद की मौत हो गई जबकि अन्य शख्स घायल हो गया। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

# अस्पताल में शिक्षक का हाई वोल्टेज ड्रामा, सात घंटे हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शंकरगढ़

शराब के नशे में धुत शिक्षक ने 15 अगस्त की रात अस्पताल में जमकर उत्पात मचाया। शिक्षक ने अस्पताल में पदस्थ बीएमओ, नर्स स्वीपर के साथ मारपीट करने के साथ ही जमकर तोड़फोड़ की। सात घंटे से अधिक समय तक चले उत्पात के दौरान अस्पताल में ▶▶|शेष पेज 6 पर

■ बीएमओ, स्वीपर का दबाया गला, नर्स पर फेंका बीपी मशीन, की तोड़फोड़



### पुलिस के सामने भी मचाया उत्पात

इस घटना की सूचना बीएमओ ने पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद शंकरगढ़ थाना प्रभारी जितेन्द्र जायसवाल दलबल के साथ मौके पर पहुंचे लेकिन पुलिस की मौजूदगी में भी आरोपी शांत नहीं हुआ और गाली ▶▶|शेष पेज 6 पर

भारत लौटे अंतरिक्ष यात्री

# शुभांशु का स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला का अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की अपनी ऐतिहासिक यात्रा के बाद रविवार तड़के भारत लौटने पर जोरदार स्वागत किया गया। यहां हवाई अड्डे पर बड़ी संख्या में लोगों ने तिरंगा लहराते हुए और ढोल बजाते हुए शुक्ला का भव्य स्वागत किया। शुक्ला का हवाई अड्डे पर केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और इसरो के अध्यक्ष वी. नारायणन ने स्वागत किया। शुक्ला ने सिंह द्वारा हवाई ▶▶|शेष पेज 6 पर

### पीएम से मिलने के बाद लौटेंगे घर

शुभांशु शुक्ला के प्रधानमंत्री से मिलने के बाद अपने गृहनगर लखनऊ जाने की उम्मीद है। उम्मीद है कि वह 22-23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस समारोह में भाग लेने के लिए राजधानी लौटेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने 79वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर लाल किले की प्राचीर से देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा था कि भारत अपना खुद का अंतरिक्ष स्टेशन विकसित करने पर भी काम कर रहा है।



BILASPUR: INDUSTRIAL AREA, SIRGITTI: SATYA AUTO PVT. LTD.: 9425280148 | PARSADA, TRANSPORT NAGAR: M SQUARE MOTORS: 7000857522 | KORBA: SHED NO 10, RAJGAMAR ROAD, INDUSTRIAL AREA: SATYA AUTO PVT. LTD.: 9516014225 | RAIGARH: NH49, ODISHA ROAD, BANJIPALI, RAIGARH: SATYA AUTO PVT. LTD.: 9109194894 | AMBIKAPUR: MAHAMAYA AUTO CARS: 7583887512, 6261683314.

## चिंतन

# परवान नहीं चढ़ रहीं रूस-यूक्रेन के बीच युद्ध विराम की कोशिशें

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का बड़बोलापन अमेरिका को ही भारी पड़ रहा है। टैरिफ वार की सनक के चलते जहां अमेरिका की वैश्विक प्रतिष्ठा धूमिल हो रही है, वहीं अमेरिकियों को महंगाई की आंच सहन करनी पड़ रही है। ब्याज के मुद्दे पर ट्रंप की अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेड रिजर्व से ठनी हुई है, तो रूस व यूक्रेन के बीच जारी जंग को खत्म कराने के उनके वादे खोखले साबित हो रहे हैं। राष्ट्रपति ट्रंप की रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात पर दुनिया की नजरें थीं, लेकिन इस मुलाकात से कुछ निकला नहीं। रूस व यूक्रेन के बीच युद्ध विराम को लेकर कोई समझौता नहीं हो सका। बैठक से पहले ट्रंप अपने सोशल मीडिया ट्रूथ सोशल अकाउंट पर बड़े दावे कर रहे थे कि वह यूक्रेन में युद्धविराम देखना चाहते हैं और यदि इस पर सहमति नहीं बनी तो वह खुश नहीं होंगे, लेकिन मंझे हुए नेता पुतिन के साथ उनकी दाल नहीं गली। यूक्रेन का भूगोल बदलने की रूसी मंशा किसी भी नतीजे पर पहुंचने की राह में सबसे बड़ी बाधा है। इस बैठक को लेकर यूक्रेन पहले से सशंकित था और चाहता था कि उनकी उपस्थिति के बिना रूस के साथ कोई निर्णायक बात न हो और ट्रंप कुछ भी एकतरफा वादा न करें। ऐसे में ट्रंप व पुतिन की अलास्का वार्ता के बेनतीजा रहने से यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने राहत की सांस ली होगी। इस वार्ता से पहले जेलेंस्की ने कहा था कि यूक्रेन की भागीदारी के बिना रूस के साथ कोई भी वार्ता नहीं होनी चाहिए व जमीन अदला-बदली को यूक्रेन नहीं मानेगा। यूरोपीय संघ भी यूक्रेन के साथ है और वह भी चाहता था कि वार्ता सभी संबंधित पक्ष की मौजूदगी में हो। आज सोमवार को राष्ट्रपति ट्रंप यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ यूरोपीय संघ के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में बैठक करेंगे, इसमें युद्ध विराम के लिए रूपरेखा पर बात होगी। ट्रंप पुतिन की मंशा को केंद्र में रखकर अगर यूक्रेन व ईयू से बात करेंगे, तो इसमें भी कुछ नतीजा की उम्मीद नहीं है। रूस यूक्रेन के चार सीमाई क्षेत्र पर कब्जे को लेकर अडिग है, यूक्रेन किसी भी स्थिति में अपना क्षेत्र गंवाना नहीं चाहता है। यूक्रेन को ईयू का शह भी प्राप्त है। अमेरिका के पास भी रूस व यूक्रेन दोनों को मान्य कोई योजना नहीं है, यह अब तक साफ हो चुका है। ट्रंप दबाव डाल कर युद्ध विराम चाहते हैं, पर यह कोई कूटनीतिक तरीका नहीं है। ट्रंप का रूस पर दबाव बनाने के लिए टैरिफ दांव भी काम करता नहीं दिख रहा है, इसलिए यूक्रेन व ईयू के साथ ट्रंप की बैठक में किसी बिंदु पर सहमति बनने की संभावना कम प्रतीत हो रही है। हालांकि इस बैठक के बाद ट्रंप पुतिन के साथ मास्को में बैठक कर सकते हैं, लेकिन यह इस वार्ता पर निर्भर करेगा। बेशक ट्रंप चाहते हैं कि यूक्रेन व रूस के बीच जारी जंग खत्म हो जाए, पर इसके लिए वार्ता ही काफी नहीं है। अमेरिका व ईयू का जब तक रणनीतिक रवैया नहीं बदलेगा, तब तक सुलह की उम्मीद नहीं कर सकते। सबसे पहले अमेरिका और ईयू यूक्रेन को सामरिक व आर्थिक मदद देना बंद करें, यूक्रेन को नाटो में शामिल कराने का भूत छोड़ दें और यूक्रेन के कंधे से रूस के विनाश का स्वप्न देखना छोड़ दें। यूक्रेन सोवियत संघ से अलग हुआ देश है, इसलिए उसकी आत्मा कभी भी यूएस व ईयू के साथ घुलमिल नहीं सकेगी। यह बात यूक्रेन को भी समझनी चाहिए और यूएस-ईयू को भी। भारत ने हमेशा शांति की वकालत की है और यूक्रेन व रूस के बीच वार्ता के जरिये जंग खत्म करने की चाहत प्रकट की है। पीएम नरेन्द्र मोदी अभी पुतिन से मिले हैं और जेलेंस्की से फोन पर बात की है। इन प्रयासों से जंग खत्म होने का रास्ता निकलना चाहिए।

## आर्थिकी

सतीश सिंह



# मजबूत होती बैंकिंग इंडस्ट्री

वैश्विक रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ने 15 अगस्त को भारत के 10 बैंकों की रेटिंग का उन्नयन किया, जिनमें भारतीय स्टेट बैंक, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक,एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया और इंडियन बैंक शामिल हैं। इसके अलावा, बजाज फाइनेंस, टाटा कैपिटल और एलएंडटी फाइनेंस की रेटिंग का भी उन्नयन किया गया। रेटिंग उन्नयन यह दर्शाता है कि बैंकों और वित्तीय संस्थानों कीवित्तीयस्थितिबेहतरहुईहैऔरवे बेहतरी के सभी पैमानों पर बेहतर कार्य कर रहे हैं। इससे बैंकों के ब्रांड इमेज में भी बेहतरी आयेगी, जिसका फायदा लंबी अवधि में बैंकों और वित्तीय संस्थानों को मिलेगा। गौरतलब है कि 14 अगस्त को वैश्विक रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ने भारत की सॉवरेन क्रेडिट रेटिंग में 18 सालों के बाद उन्नयन किया था। नई रेटिंग "बीबीबी"दर्शाता है कि देश के पास अपने कर्ज दायित्वों को आसानी से पूरा करने की क्षमता में सुधार हुआ है। अब भारत की रेटिंग मैक्सिको, इंडोनेशिया और ग्रीस के समान स्तर पर आ गई है। एजेंसी ने भारत की आर्थिक मजबूती, बेहतर राजकोषीय नीतियों और सार्वजनिक खर्च की गुणवत्ता में सुधार को इस उन्नयन का आधार बताया है।वैसे,भारत की मजबूत मौद्रिक नीतियां और नियंत्रित मुद्रास्फीति ने भी इस उन्नयन में अहम भूमिका निभाई है। कुछ दिनों पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भारतीय उत्पादों पर 27 अगस्त से 50 प्रतिशत टैरिफ आरोपित करने की घोषणा की थी साथ ही साथ भारतीय अर्थव्यवस्था को मृतप्राय कहा था। बहरहाल, रेटिंग में उन्नयन से ट्रंप के बयान को करारा जबाव मिला है। पुनश्चः एजेंसी के अनुसार, ट्रंप के बयान से भारतीय अर्थव्यवस्था को महज अल्प अवधि के लिए नुकसान हो सकता है, वह भी आशिंक स्तर पर।लंबे समय में भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी रहेगी। इतना ही नहीं,इस रेटिंग उन्नयन से देसी और अंतरराष्ट्रीय निवेशक दोनों भारत में निवेश करने के लिए प्रेरित होंगे का भी अनुमान है। वैश्विक रेटिंग एजेंसी एसएंडपी के अनुसार भारतीय अर्थव्यवस्था के लगातार मजबूत बने रहने से बैंकिंग इंडस्ट्री को लाभ हो रहा है।सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक की समीचीन मौद्रिक नीति से महंगाई नियंत्रण में है और बैंकों के क्रेडिट ग्रोथ में इजाफा हो रहा है।साथ ही, इससे निवेश, खर्च और आर्थिक गतिविधियों में तेजी आ रही है। गुलाबी अर्थव्यवस्था से भारतीय बैंकों को विदेश में अपने कारोबार को बढ़ाने में मदद मिल रही है।बैंकों के गैर निष्पादित आस्तियों (एनपीए) में कमी आ रही है और उनके कारोबार और मुनाफे में मुसलसल इजाफा हो रहा है। साथ ही, देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूत बने रहने में मदद मिल रही है।इसतरह,बैंक और अर्थव्यवस्था के बीच अन्योन्याश्रय संबंध है और दोनों के मजबूत रहने से देश के विकास को रफ़्तार मिल रही है। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत के सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने 1.78 लाख करोड़ रुपए का मुनाफा अर्जित किया था,जो वित्त वर्ष 2023-24 की तुलना में 26 प्रतिशतअधिक है।इससे पहले वित्त वर्ष 2023-24 में सभी 12 सरकारी बैंकों का कुल मुनाफा 1.41 लाख करोड़ रुपए रहा था।इसतरह, बैंकों के मुनाफे में विगत वित्त वर्ष में लगभग 37,100 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई.इस रिकॉर्ड लाभ में सबसे बड़ा योगदान देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक का रहा, जिसने अकेले 70,901 करोड़ रुपए का मुनाफा अर्जित किया, जो बीते वर्ष की तुलना में 16 प्रतिशत अधिक है और कुल सरकारी बैंकों के मुनाफे के 40 प्रतिशत से अधिक है।वहीं,प्रतिशत में सबसे अधिक लाभ पंजाब नेशनल बैंक ने अर्जित किया, जो 102 प्रतिशत है और यह राशि में 16,630 करोड़ रुपए है।इसके बाद पंजाब एंड सिंध बैंक के मुनाफे में 71 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो राशि में 1,016 करोड़ रुपये है। इसके अतिरिक्त,सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, यूको बैंक और बैंक ऑफ इंडिया ने 40 प्रतिशत से अधिक की वार्षिक वृद्धि दर्ज की, जबकि बैंक ऑफ महाराष्ट्र और इंडियन बैंक ने क्रमशः 36.1 प्रतिशत और 35.4 प्रतिशत की वृद्धि मुनाफे में दर्ज की।यह उपलब्धि इसलिएमहत्वपूर्ण है, क्योंकि वित्त वर्ष 2017-18 में सरकारी बैंकों को सामूहिक रूप से 85,390 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ था। सार्वजनिक बैंकों को मजबूत बनाने के लिए सरकार ने एनपीए की पहचान, समाधान, वसूली, बैंकों का पुनर्पूंजीकरण और वित्तीय पारिस्थितिकी में सुधार करने की रणनीति अपनाई थी, जिसके तहत वित्त वर्ष 2016-17 से 2020-21 तक सरकारी बैंकों में 3.10 लाख करोड़ रुपए का पूंजी निवेश किया गया। सरकार ने बीते कुछ सालों में बुनियादी ढांचे और समावेशी विकास में बड़े निवेश के साथ-साथ राजकोषीय अनुशासन को संतुलित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किये हैं।

( लेखक एसबीआई में एजीएम हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# भारत के विभाजन के दोषी कौन



एनसीईआरटी

प्रमोद भार्गव

> एनसीईआरटी द्वारा विभाजन की विभीषिका स्मृति दिवस के मौके पर जारी एक विशेष पाठ में भारत के बंटवारे के लिए मोहम्मद अली जिन्ना, कांग्रेस और तत्कालीन ब्रिटिश वायसराय लार्ड माउंटबेटन को जिम्मेदार ठहराया गया है। यह भी उल्लेख है कि विभाजन के बाद कश्मीर नई समस्या के रूप में पेश आया। इसने देश की विदेश नीति के लिए चुनौती बनाए रखी। नतीजतन कुछ देश पाकिस्तान को सहायता देते रहते हैं और कश्मीर मुद्दे के नाम पर भारत पर दबाव बनाते रहते हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच हुआ विभाजन तो आधा सच है, पूरा सच तो देश के 652 टुकड़े कर देने का बन गया था, जिसे पटेल ने संभाला और रियासतों का विलय भारतीय गणतंत्र में हो पाया।

भारत में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा विभाजन की विभीषिका स्मृति दिवस के मौके पर जारी एक विशेष पाठ में भारत के बंटवारे के लिए मोहम्मद अली जिन्ना, कांग्रेस और तत्कालीन ब्रिटिश वायसराय लार्ड माउंटबेटन को जिम्मेदार ठहराया गया है। पाठ में यह भी उल्लेख है कि विभाजन के बाद कश्मीर नई समस्या के रूप में पेश आया। भारत में यह समस्या पहले कभी मौजूद नहीं थी। इसने देश की विदेश नीति के लिए चुनौती बनाए रखी। नतीजतन कुछ देश पाकिस्तान को सहायता देते रहते हैं और कश्मीर मुद्दे के नाम पर भारत पर दबाव बनाते रहते हैं। वस्तुतः 'भारत का विभाजन गलत विचारों के कारण हुआ। भारतीय मुसलमानों की पार्टी मुस्लिम लीग ने 1940 में लाहौर में एक सम्मेलन आयोजित किया। इसमें जिन्ना ने कहा कि हिंदू और मुसलमान दो अलग-अलग धार्मिक दर्शन, सामाजिक रीति-रिवाज से संबंधित हैं। अतएव एक साथ नहीं रह सकते।' एनसीईआरटी के विशेष पाठ में 'विभाजन के अपराधी' शीर्षक वाले खंड में कहा है कि 'अंततः 15 अगस्त 1947 को भारत का बंटवारा हुआ। किंतु यह किसी एक व्यक्ति का काम नहीं था। इसके लिए तीन कारण जिम्मेदार थे, एक जिन्ना, जिन्होंने बंटवारे की मांग की। दूसरे कांग्रेस, जिसने बंटवारे को स्वीकार किया और तीसरे माउंटबेटन जिन्होंने इस पर अमल किया। माउंटबेटन एक बड़ी भूल के दोषी साबित हुए।'

एनसीईआरटी ने उक्त दो पार्ट छापे हैं। इनमें छठी कक्षा से आठवीं के लिए और नौवीं कक्षा से बारहवीं के लिए एक-एक पाठ हैं। ये अंग्रेजी और हिंदी में पूरक पाठ हैं, नियमित पाठ्य पुस्तकों में नहीं हैं। इसलिए इनका प्रयोग परियोजनाओं, पोस्टरों और वाद-विवादों के माध्यम से किया जाना है। ये दोनों पाठ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2021 में दिए गए संदेश के साथ शुरू होते हैं, जिसमें विभाजन की विभीषिका स्मृति दिवस मनाने की घोषणा की गई थी। साफ है, ये पाठ पूरे देश में वाद-विवाद का ऐसा हिस्सा बनें, जिससे लोग जान सकें कि वास्तव में विभाजन के अपराधी कौन हैं। केंद्र सरकार इस उद्देश्य की पूर्ति में सफल होती दिख रही है। दरअसल स्वतंत्रता संघर्ष के बीच महात्मा गांधी ने आत्मविश्वास से कहा था कि 'अगर कांग्रेस बंटवारे को स्वीकार करना चाहती है तो उसे मेरी लाश के ऊपर से गुजरना होगा। जब तक मैं जीता हूं, मैं कभी भी हिन्दुस्तान का बंटवारा स्वीकार नहीं करूंगा और जहां तक मेरा वश चलेगा, कांग्रेस को भी स्वीकार नहीं करने दूंगा।' अलबत्ता ऐसा एकाएक क्या हुआ कि जवाहरलाल नेहरू और सरदार वल्लभ भाई पटेल को बंटवारे के समर्थन में खड़े होना पड़ गया। लार्ड माउंटबेटन से पहली मुलाकात में ही गांधी उनके वाग्जाल की गिरफ्त में ऐसे आए कि उनकी प्राण जाए, पर वचन न जाए, की वचनबद्धता भंग हो गई। कांग्रेस मुस्लिम अलगाववाद के आगे घुटने टेकती चली गई। नतीजतन भारत और पाकिस्तान स्वतंत्रता अधिनियम पर ब्रिटिश संसद में मोहर लगा दी गई। ब्रितानी हुकूमत में औपनिवेशिक दासता झेल रहे अखंड भारत को विभाजित कर दो स्वतंत्र देश बनाकर पृथक-पृथक सत्ता का हस्तांतरण करने का निर्णय ले लिया। संपूर्ण सत्ता सौंपने का दिन 14 अगस्त 1947 निश्चित किया। यह दिन भी एक तरह से दोनों देशों के स्वतंत्रता सेनानियों को चिढ़ाने की दृष्टि से मुकर्रर किया



गया, क्योंकि इसी दिनांक को जापान मित्र देशों के समक्ष आत्मसमर्पण करने को मजबूर हुआ था। अंग्रेजों द्वारा अपनी सत्ता कायम रखने की दृष्टि से बंगाल विभाजन एक ऐसा षड्यंत्रकारी घटनाक्रम रहा जो भारत विभाजन की नींव डाल गया। इस बंटवारे के फलस्वरूप अंग्रेजों के विरुद्ध ऐसी उग्र जनभावना फूटी की बंग-भंग विरोध में एक बड़ा आंदोलन खड़ा हो गया।

दरअसल जब गोरी पलटन ने समूचे भारत को अपनी अधीनता में ले लिया, तब क्रांतिकारी संगठनों और विद्रोहियों के साथ कठोरता बरतने के लिए 30 सितंबर 1898 को भारत की धरती पर वाइसराय लॉर्ड कर्जन के पैर पड़े। कर्जन को 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम से प्रेरणा ले रहे क्रांतिकारियों के दमन के लिए भेजा गया था। इस संग्राम पर नियंत्रण के बाद फिरंगी इस बात को लेकर चिंतित व सर्तक थे कि कहीं इसकी राख में दबी चिंगारी फिर न सुलग पड़े। क्योंकि अंग्रेज भली भांति जान गए थे कि 1857 का सिलसिला टूटा नहीं है। अंग्रेजों को यह भी शंका थी कि कांग्रेस इस असंतोष को पनपने के लिए खाद-पानी देने का काम कर रही है। कर्जन ने अंग्रेजी सत्ता के संरक्षक बने मुखबिरों से ज्ञात कर लिया कि इस असंतोष को सुलगाए रखने का काम बंगाल से हो रहा है। वाकई स्वतंत्रता की यह चेतना बंगाल के जनमानस में एक बेचैनी बनकर तैर रही थी। यह बेचैनी 1857 के संग्राम जैसे रूप में फूटे, इससे पहले कर्जन ने कुटिल क्रूरता के साथ 1905 में बंगाल के दो टुकड़े कर दिए। जबकि इस बंग-भंग का विरोध हिंदू और मुसलमानों ने अपनी जान की बाजी लगाकर किया था। इस बंटवारे का मुस्लिम बहुल क्षेत्र को पूर्वी बंगाल और हिंदू बहुल इलाके को बंगाल कहा गया। अर्थात जिस भूखंड पर हिंदू-मुस्लिम संयुक्त भारतीय नागरिक के रूप में रहते चले आ रहे थे, उनका मानसिक रूप से सांप्रदायिक विभाजन कर दिया। इस विभाजन से सांप्रदायिक भावना की एक तरह से बुनियाद डाल दी गई, वहीं दूसरा इसका सकारात्मक परिणाम यह निकला कि पूरे भारत में अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष तेज हो गया। लेकिन कर्जन ने इसे कुटिल चतुराई से मुस्लिम लीग की स्थापना में बदल दिया। यही नहीं, कर्जन ने अपने वाकचातुर्य से ढाका के नवाब सलीमुल्ला को बंगाल विभाजन का समर्थन और अचानक उदय हुए स्वदेशी आंदोलन का बहिष्कार करने के लिए राजी कर लिया। सलीमुल्ला कर्जन से इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने सक्रिय होकर कुछ नवाबों को बरगलाकर दिसबंर 1906 में मुस्लिम लीग संगठन खड़ा कर दिया। स्वदेशी आंदोलन को विफल करने के लिए अंग्रेज अधिकारियों ने सलीमुल्ला के साथ मिलकर हिंदू-मुस्लिमों के बीच संप्रदाय के आधार पर दंगे भड़काने का काम भी शुरू कर दिया। यहीं से हिंदुओं की हत्या करने और उनकी संपत्ति लूटने व हड़पने का सिलसिला शुरू हो गया।

नतीजतन मुस्लिम नेता पूरी ताकत से बंटवारे के समर्थन में आ खड़े हुए। लॉर्ड माउंटबेटन इतना चतुर निकला कि उसने विभाजन के लिए जिन्ना, नेहरू, पटेल और यहां तक की गांधी को भी मना लिया। भारत को दो स्वतंत्र राष्ट्रों में भारत और पाकिस्तान में विभाजित कर दिया गया। यही नहीं पंजाब और बंगाल को भी कपड़े की तरह दो टुकड़ों में चीर दिया गया,जिससे भारत हमेशा गृह कलह की आंच से सुलगता रहे। ब्रिटिश अधिकारियों ने जानबूझ कर 652 भारतीय रियासतों की प्रभुसत्ता उन्हें वापस सौंप दी। उन्हें भारत या पाकिस्तान मिल जाने की छूट तो थी ही, स्वतंत्र राष्ट्र बने रहने की छूट भी दे दी गई थी। अर्थात भारत और पाकिस्तान के बीच हुआ विभाजन तो आधा सच है, पूरा सच तो देश के 652 टुकड़े कर देने का बन गया था। जिसे पटेल ने संभाला और रियासतों का विलय भारतीय गणतंत्र में हो पाया। यह ऐतिहासिक सत्य है, जो स्वतंत्रता आंदोलन की इतिहास पुस्तकों में पूर्व से ही दर्ज है।

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# गलत सोच का चश्मा जल्दी उतार देना चाहिए



संकलित

## दर्शन

जब सोच निषेधात्मक या गलत होती है, तब वह सुख को भी दुख में परिवर्तित कर देती है। गलत सोच का चश्मा जितनी जल्दी हो, उतार देना चाहिए। बुरे विचार जितना दूसरों का नुकसान करते हैं, उतना ही स्वयं का भी करते हैं। कारण अपनी ही सुरक्षा को लेकर डरा दिमाग ढंग से नहीं सोच पाता। हम स्वार्थी हो जाते हैं, केवल अपने बारे में ही सोचते हैं। कहा गया है कि आपके विचार वहां तक ले जाते हैं, जहां आप जाना चाहते हैं। पर कमजोर विचारों में दूर तक ले जाने की ताकत नहीं होती। हम जो हैं वह सब विचारों का फल है। जो हम सोचते हैं, वही बन जाते हैं। मनुष्य अपने कार्यों से दूसरों को नुकसान पहुंचाता है और अपने विचारों से स्वयं को। गलत सोच एवं अनैतिक कार्यों में लिप्त लोगों को धनवान और प्रतिष्ठित होते देख आदमी में नकारात्मक चिंतन जागता है। अपनी ईमानदारी उसे मूर्खतापूर्ण लगती है। वह पुनर्चिंतन करता है-क्या मिला मुझे आदर्शों पर चलकर? यह नकारात्मक चिंतन उसे भी गलत सोच के दलदल में उतार देता है। समाज में भ्रष्ट और बेईमान लोगों की उत्पत्ति इसी तरह के गलत विचारों के संक्रमण से हुई। इस तरह का गलत सोच हमारी दुनिया को छोटा कर देता है। भीतर और बाहरी दोनों ही दुनिया सिमट जाती हैं। तब हमारी छोटी-सी सफलता अहंकार बढ़ाने लगती है। थोड़ा-सा दुख अवसाद का कारण बन जाता है। कुल मिलाकर सोच ही गड़बड़ हो जाता है। अपने ही बोले हुए को सुनते रहना ज्यादा सीखने नहीं देता। हमारा चिंतन गुणों की ओर केंद्रित रहना चाहिए।

# अपनी गठरी टटोलें



संकलित

## प्रेरणा

दो आदमी यात्रा पर निकले! दोनों की मुलाकात हुई, दोनों का गंतव्य एक था तो दोनों यात्रा में साथ हो चले। सात दिन बाद दोनों के अलग होने का समय आया तो एक ने कहाः भाई साहब! एक सप्ताह तक हम दोनों साथ रहे क्या आपने मुझे पहचाना? दूसरे ने कहाः नहीं, मैंने तो नहीं पहचाना। पहला यात्री बोलाः महोदय मैं एक नामी ठग हूँ परन्तु आप तो महाठग हैं। आप मेरे भी गुरू निकले। दूसरा यात्री बोलाः कैसे? पहला यात्रीः कुछ पाने की आशा में मैंने निरंतर सात दिन तक आपकी तलाशी ली, मुझे कुछ भी नहीं मिला। इतने दिन साथ रहने के बाद मुझे यह पता है आप बहुत धनी व्यक्ति हैं और इतनी बड़ी यात्रा पर निकले हैं तो ऐसा कैसे हो सकता है कि आपके पास कुछ भी नहीं है? बिल्कुल खाली हाथ हैं! दूसरा यात्रीः मेरे पास एक बहुमूल्य हीरा है और थोड़ी-सी रजत मुद्राएं भी है। पहला यात्री बोलाः तो फिर इतने प्रयत्न के बावजूद वह मुझे मिले क्यों नहीं? दूसरा यात्रीः मैं जब भी बाहर जाता, वह हीरा और मुद्राएं तुम्हारी पोटली में रख देता था और तुम सात दिन तक मेरी झोली टटोलते रहे। अपनी पोटली सँभालने की जरूरत ही नहीं समझी। तो फिर तुम्हें कुछ मिलता कहाँ से! ईश्वर नित नई खुशियाँ हमारी झोली में डालते हैं परन्तु हमें अपनी गठरी पर निगाह डालने की फुर्सत ही नहीं है, यही सबकी मूलभूत समस्या है। जिस दिन से इंसान दूसरे की ताकझाक बंद कर देगा उस क्षण सारी समस्या का समाधान हो जाएगा। अपनी गठरी टटोलें! जीवन में सबसे बड़ा गूढ मंत्र है स्वयं को टटोले और जीवन-पथ पर आगे बढ़े सफलताएं आप की प्रतीक्षा में है।

## अंतर्मन




### आज की पाती


#### साइबर क्राइम के बढ़ते कदम रोकने होंगे

जिस गति से साइबर क्राइम बढ़ रहा है, यह आम आदमी के लिए एक मुसीबत बन गई है और लुटेरों के लिए जैसे मनोरंजन और लॉटरी लगी है। हैरानी इस बात की है कि इस मर्ज की दवा किसी के पास नहीं। किसी को जब चाहें, अपराधी बंधक बना कर सब कुछ लूट लेते हैं और उनका कुछ भी बिगाड़ नहीं सकते। देश में बड़ी संख्या में लोग इस क्राइम के शिकार हो रहे हैं। यह अत्यंत गंभीर समस्या है और इससे आंख नहीं फेरी जा सकती। जहां डिजिटलाइजेशन के अनेक लाभ हैं, इससे कई गुणा हानियां भी हैं। द्वंद्व यह है कि इसे अपनाएं या नहीं? इस पर सभी को गंभीरता एवं शीघ्रता से समाधान निकालना होगा। आज नहीं तो कल हर कोई इसका शिकार होगा। यह एक चुनौती भी है। सभी को सचेत रहना होगा।

*-प्रवीण वर्मा, गरियाबंद*

## ट्रेंड

### राहत और बचाव कार्य जारी



कठुआ में बादल फटने की घटना के संबंध में जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री से बात की। स्थानीय प्रशासन द्वारा राहत और बचाव कार्य जारी हैं और एनडीआरएफ की टीमें भी घटनास्थल पर पहुंच गई हैं। हम जम्मू-कश्मीर वासियों के साथ मजबूती से खड़े हैं।

**-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### मूल्यानुगत शिक्षा



जब हम आंतरिक शांति की बात करते हैं तो मूल्यानुगत शिक्षा को देखना भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। आज की तनावभरी ज़िंदगी में मानवीय मूल्यों से जुड़ी शिक्षा का होना अत्यंत आवश्यक है।

**-जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री**


### वोट चोरी की साज़िश



ग़रीब की ताक़त है उसका वोट - यही उसका हक़, उसकी आवाज़, उसकी पहचान है। आज वही ताक़त छीनी जा रही है, एसआईआर के ज़रिए देश में वोट चोरी की साज़िश चल रही है। हम हर कीमत पर वोट चोरी रोकेंगे !

**-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### आमूलचूल परिवर्तन




चुनाव आयोग को सुधार हीं नहीं, आमूलचूल परिवर्तन की अपरिहार्यता है। आज लोकतंत्र को बचाने का ऐतिहासिक दायित्व उनके कंधों पर है। माना उनके ऊपर कई प्रकार के अवांछित दबाव काम कर रहे हैं लेकिन वो ये न समझें कि वो अकेले हैं।

**-अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोनः 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेलः haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइटः www.haribhoomi.com

## करंट अफेयर


# एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल से नहीं घटता वाहनों का माइलेज



पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रण वाले ईंधन ''ई-20'' के इस्तेमाल से वाहनों का माइलेज घटने की चर्चाओं के बीच पेट्रोलियम मंत्रालय ने कहा कि ईंधन दक्षता में भारी गिरावट आने की आशंकाएं निराधार हैं और इस ईंधन से वाहन बेहतर प्रदर्शन भी देता है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि गन्ना या मक्का से निकाले गए 20 प्रतिशत एथेनॉल और 80 प्रतिशत पेट्रोल के मिश्रण का राष्ट्रीय कार्यक्रम प्रदूषण कम करने और किसानों की आमदनी बढ़ाने के उद्देश्य से है, जिसे कुछ लोग गलत सूचना फैलाकर पटरी से उतारने की कोशिश कर रहे हैं। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि ई-20 ईंधन के इस्तेमाल से वाहनों के बीमा की वैधता पर भी कोई असर नहीं पड़ता है और कुछ सोशल मीडिया पोस्ट में इस संबंध में फैलाया गया डर बेबुनियाद है। पिछले कुछ समय से सोशल मीडिया पर कई पोस्ट में ई-20 ईंधन को लेकर गंभीर आशंकाएं जताई गई हैं। कुछ लोगों ने कहा है कि इसके इस्तेमाल से वाहन के माइलेज में करीब सात प्रतिशत की गिरावट आई है जबकि कुछ लोगों ने इससे ई-10 वाहनों में रबर, धातु कलपुर्जों के जल्द खराब होने की आशंका जताई है। मंत्रालय ने कहा, यह कहना कि ई 20 ईंधन से वाहन की दक्षता में 'भारी' कमी आती है, गलत है।

## ऑफ बीट

# कुत्ते पढ़ सकते हैं आपका दिमाग और चेहरा



जब आप रोते हैं तो आपका कुत्ता अपना सिर झुका लेता है, जब आप तनाव में होते हैं तो इधर-उधर टहलता है, और आपके सबसे बुरे पलों में किसी न किसी तरह आपके पास होता है। यह महज संयोग तो नहीं हो सकता। हजारों सालों के सह-विकास ने कुत्तों को हमारी आवाजों, चेहरों और यहां तक कि मस्तिष्क के रसायन विज्ञान को समझने के खास तरीके दिए हैं। हमारी बातचीत को समझने वाले मस्तिष्क के क्षेत्रों से लेकर हमारी नजरें मिलाने पर बढ़ने वाले 'लव हार्मोन' या ऑक्सीटोसिन तक, आपके कुत्ते का दिमाग आपकी भावनाओं को समझने के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस असाधारण भावनात्मक बुद्धिमत्ता का प्रमाण मस्तिष्क में ही शुरू होता है। कुत्तों के मस्तिष्क में आवाज के प्रति संवेदनशील क्षेत्र होते हैं, जो इंसानों के समान होते हैं। एक 'ब्रेन इमेजिंग' अध्ययन में, अनुसंधानकर्ताओं ने पाया कि कुत्तों के 'टेम्पोरल कॉर्टेक्स' में आवाज को समझने वाले क्षेत्र होते हैं, जो ध्वनियों के जवाब में सक्रिय हो जाते हैं। कुत्ते न केवल किसी भी ध्वनि पर, बल्कि आपकी आवाज के भावनात्मक स्वर पर भी प्रतिक्रिया देते हैं। कुत्तों के मस्तिष्क के अध्ययन से पता चलता है कि भावनात्मक ध्वनियां, मसलन हंसी, रोना, गुस्से से चीखना उनके श्रवण और भावनाओं को समझने से संबंधित मस्तिष्क के एक हिस्से को सक्रिय करती हैं।

# आधा सफर जमीन के 20 फीट ऊपर, बाकी सुरंग में.., सिंगल पिलर पर बना 8 लेन द्वारका एक्सप्रेसवे

*नई दिल्ली। दिल्ली से गुरुग्राम जाना अपने आप में चुनौती होती थी। घंटों के जाम लोगों के लिए परेशानी का सबक बना हुआ था, लेकिन अब इससे आजादी मिल गई। अर्बन एलिवेटेड द्वारका एक्सप्रेसवे देश का पहला 8 लेन का एक्सप्रेस वे है जो दिल्ली से गुरुग्राम की दूरी को 1 घंटे से घटाकर 20 मिनट कर देगा। दिल्ली से गुरुग्राम आना-जाना, आईजीआई एयरपोर्ट पर आना-जाना आसान हो जाएगा। वहीं नोएडा से गुरुग्राम आने-जाने वालों को भी राहत मिलेगी। गुरुग्राम से फरीदाबाद मानेसर, सोनीपत, पानीपत और चंडीगढ़ का ट्रैवल टाइम 50 फीसदी कम हो जाएगा।*

## दोनों तरफ तीन लेन की सर्विस रोड

## कई टनल, अंडरपास और फ्लाईओवर

### देश का पहला 8 लेन एक्सप्रेसवे

द्वारका एक्सप्रेसवे देश का पहला ऐसा एक्सप्रेसवे है, जो 8 लेन है और हर लेन एक सिंगल पिलर पर है। ये पूरा 29 किमी का एक्सप्रेसवे 11 हजार करोड़ में बनकर तैयार हुआ है, जो 18.9 किमी हरियाणा में और बाकी का 10.1 किमी दिल्ली में है। इसमें 3.6 किमी की भारत की सबसे चौड़ी टनल भी शामिल है। साथ ही ऐसी कई टनल, अंडरपास और फ्लाईओवर हैं। एक्सप्रेसवे के दोनों तरफ तीन लेन की सर्विस रोड भी बनाई गई है।




### सैटेलाइट से कटेगा टोल टैक्स

द्वारका एक्सप्रेसवे इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्ट सिस्टम से लैस है। यानी इसमें हाई रेज्योल्यूशन के कैमरे लगाए गए हैं, जिनसे गाड़ियों के नंबर प्लेट स्कैन होंगे और खुद ही टोल कट जाएगा। सरकार का सैटेलाइट बेस्ट सिस्टम इस एक्सप्रेसवे पर काम करेगा। यानी आपको कोई टोल प्लाजा भी नहीं मिलेगा और बिना रुके आप अपनी मंजिल तक पहुंच जाएंगे।

### गुरुग्राम से नोएडा आना-जाना हुआ सस्ता

जो लोग रोजाना गुरुग्राम से नोएडा या नोएडा से गुरुग्राम जाते हैं, उनके लिए इससे भारी बचत हो सकती है। अगर एनएचएआई प्रस्तावित टोल चार्ज पर हामी भरता है तो आपको एक टोल प्लाजा क्रॉस करने में सिर्फ 25 रुपये लगेंगे। यानी अगर आप गुरुग्राम से सोनीपत या नोएडा की तरफ आते हैं तो आपके महज 45 से 50 रुपये खर्च होंगे। बता दें कि फास्टैग के सालाना पास में 200 ट्रिप मिलती हैं, जिसमें एक टोल प्लाजा पर एक ट्रिप काउंट होता है।

### कितना लगेगा टोल टैक्स?

एनएचएआई की वेबसाइट पर अब तक आधिकारिक टोल रेट नहीं बताए गए हैं, लेकिन प्रपोजल के हिसाब से प्राइवेट कार, वैन और जीप के लिए एक तरफ का टोल 105 रुपये है। वहीं कमर्शियल वाहनों के लिए ये 355 रुपये तक हो सकता है। अगर आप राउंड ट्रिप करते हैं तो टोल चार्ज आपको सस्ता पड़ेगा।

**एक जगह एक्सप्रेस वे हुआ चार मंजिला :** द्वारका एक्सप्रेसवे पर एक जगह ऐसा भी है, जहां यह चार मंजिला हो जाता है। इस जगह का नाम मल्टीयूटिलिटी कॉरिडोर रखा गया है। इस जगह पर नीचे अंडरपास है, जिसके ऊपर सर्विस लेन और उसके ऊपर फ्लाईओर और इसके ऊपर से द्वारका एक्सप्रेसवे गुजरता है।

**08** लेन का देश का पहला एक्सप्रेसवे | **01** सिंगल पिलर पर हर लेन | **29** किमी का एक्सप्रेसवे | **18.9** किमी हरियाणा में | **10.1** किमी दिल्ली में | **3.6** किमी की भारत की सबसे चौड़ी टनल | **11** 11 हजार करोड़ रुपए आई लागत

## खबर संक्षेप

### विट्ठलभाई पटेल के सम्मान में जारी होगा डाक टिकट



**नई दिल्ली।** विधानसभा में आयोजित ऑल इंडिया स्पीकर्स कॉन्फ्रेंस में 24 अगस्त को विट्ठलभाई पटेल की शताब्दी के उपलक्ष्य में विशेष डाक टिकट जारी होगा। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह इसका विमोचन करेंगे। ये टिकट 1925 में भारतीय केंद्रीय विधानसभा के पहले निर्वाचित अध्यक्ष बने विट्ठलभाई पटेल की संसदीय विरासत के सम्मान में जारी होगा। रविवार को विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने बताया कि ये विट्ठलभाई पटेल की दूरदर्शिता और लोकतंत्र के प्रति उनके समर्पण के प्रति श्रद्धांजलि है। स्वतंत्रता संग्राम के योद्धा और निष्पक्ष नेता के रूप में उनकी पहचान थी। उन्होंने संसदीय प्रक्रियाओं को मजबूत किया, स्वतंत्रता की रक्षा की और लोकतांत्रिक मूल्यों को बढ़ावा दिया। इस डाक टिकट का विमोचन उनके योगदान को याद करने का एक प्रतीकात्मक कदम है।

### नवीन पटनायक अस्पताल में भर्ती



**भुवनेश्वर।** ओडिशा में विपक्ष के नेता और बीजेडी सुप्रीमो नवीन पटनायक 78 वर्षीय कथित तौर पर अस्वस्थ हैं और उन्हें भुवनेश्वर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. शुरुआती जानकारी के अनुसार, वरिष्ठ नेता ने बेचैनी की शिकायत की थी जिसके बाद उन्हें इलाज और निगरानी के लिए अस्पताल ले जाया गया। बीजू जनता दल के अध्यक्ष और विपक्ष के नेता नवीन पटनायक की तबीयत के बारे में पार्टी ने एक एक्स पोस्ट पर जानकारी दी है. पोस्ट में लिखा कि डिहाइड्रेशन के कारण भुवनेश्वर के एक अस्पताल में उनको भर्ती कराया गया है. उनकी स्वास्थ्य स्थिति में सुधार हो रहा है और भगवान जगन्नाथ के आशीर्वाद और ओडिशा की जनता के प्यार से उन्हें जल्द ही अस्पताल से छुट्टी मिल जाएगी। सूत्रों के मुताबिक डॉक्टरों ने प्रारंभिक जाँच कर ली है और उनकी स्वास्थ्य स्थिति पर कड़ी नज़र रख रहे हैं।


## पीएम मोदी ने दिल्ली में दो अहम नेशनल हाइवे प्रोजेक्ट का किया उद्घाटन

# पिछली सरकारों ने दिल्ली को गड्ढे में गिराया, हम इसे बाहर निकाल रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली-एनसीआर के लोगों को खास सौगात दी है। उन्होंने देश की राजधानी में दो प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं, द्वारका एक्सप्रेसवे के दिल्ली खंड और शहरी विस्तार सड़क-II का उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने इस मौके पर कहा कि अगस्त का ये महीना आजादी के रंग में क्रांति के रंग में रंगा होता है। आजादी के इसी महोत्सव के बीच आज देश की राजधानी दिल्ली, देश में हो रही विकास क्रांति की साक्षी बन रही है। मोदी ने कहा कि हम देखते हैं कि पिछली सरकारों ने दिल्ली को किस तरह बर्बाद किया, दिल्ली को एक तरह से गड्ढे में गिरा दिया था। उन्होंने कहा कि अब दिल्ली में भाजपा सरकार है जो दिल्ली को समस्याओं और भ्रष्टाचार के दलदल से बाहर निकाल कर रहेंगे।





### मोदी ने आप और कांग्रेस को जमकर सुनाया

पीएम मोदी ने आप और कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि हम देखते हैं कि पिछली सरकारों ने दिल्ली को किस तरह बर्बाद किया, दिल्ली को एक तरह से गड्ढे में गिरा दिया था। मैं जानता हूं कि भाजपा की नई सरकार के लिए लंबे अरसे से बढ़ रही मुसीबतों से दिल्ली को बाहर निकालना कितना कठिन है। लेकिन, मुझे भरोसा है कि दिल्ली में जिस टीम को आपने चुना है, वो मेहनत करके पिछले कई दशकों की समस्याओं से दिल्ली को बाहर निकाल कर रहेंगे।

### 'दिल्ली को बेहतरीन शहर बनाने का बीड़ा हमने उठाया है'

प्रधानमंत्री ने कहा कि दिल्ली को बेहतरीन शहर बनाने का जो बीड़ा हमने उठाया है, वो निरंतर जारी है। आज भी हम सभी इसके साक्षी बने हैं। द्वारका एक्सप्रेस वे हो या फिर अर्बन एक्सटेंशन रोड, ये दोनों सड़कें शानदार बनी हैं। पेरिफेरल एक्सप्रेस वे के बाद अब अर्बन एक्सटेंशन रोड से दिल्ली को बहुत मदद मिलने वाली है। ये दिल्ली को कूड़े के पहाड़ों से मुक्त करने में मदद कर रही है। अर्बन एक्सटेंशन रोड को बनाने में लाखों टन कचरा काम में लाया गया है, यानी कूड़े के पहाड़ को कम करके उनका इस्तेमाल सड़क बनाने में किया गया है।

### दिल्ली एनसीआर को दी सौगात

*पीएम मोदी ने कहा कि थोड़ी देर पहले दिल्ली को द्वारका एक्सप्रेसवे और अर्बन एक्सटेंशन रोड की कनेक्टिविटी मिली है। इससे पूरे एनसीआर के लोगों की सुविधा बढ़ेगी। इससे दिल्ली के, गुरुग्राम के और पूरे एनसीआर के लोगों की सुविधा बढ़ेगी। दफ्तर आना-जाना, फैक्ट्री आना-जाना और आसान होगा, सभी का समय बचेगा। हमारे व्यापारी, कारोबारी और किसानों को विशेष लाभ होने वाला है।*

### रेखा गुप्ता के नेतृत्व में ग्रीन देहली-क्लीन देहली

प्रधानमंत्री ने कहा कि मुझे खुशी है कि रेखा गुप्ता जी के नेतृत्व में दिल्ली की बीजेपी सरकार यमुना जी की सफाई में भी लगातार जुटी हुई है। मुझे बताया गया है कि यमुना से इतने समय में 16 लाख मीट्रिक टन शिल्ट हटाई जा चुकी है। इतना ही नहीं, बहुत कम समय में ही दिल्ली में 650 इलेक्ट्रिक बसें शुरू की गई हैं। भविष्य में ये इलेक्ट्रिक बसें करीब 2 हजार का आंकड़ा पार कर जाएंगी। ये ग्रीन देहली-क्लीन देहली के मंत्र को और मजबूत करता है।

### 'दिल्ली के चारों तरफ बीजेपी की सरकार'

प्रधानमंत्री ने कहा कि ये संयोग भी पहली बार बना है कि दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में चारों तरफ भाजपा सरकार है। ये दिखाता है कि इस पूरे क्षेत्र का कितना आशीर्वाद भाजपा पर और हम सभी पर है। इसलिए हम अपना दायित्व समझकर दिल्ली-एनसीआर के विकास में जुटे हैं। हालांकि कुछ राजनीतिक दल हैं, जो जनता के इस आशीर्वाद को अभी भी पचा नहीं पा रहे हैं। वो जनता के विश्वास और जमीनी सच्चाई दोनों से बहुत कट चुके हैं।

### दुनिया, जब भारत को देखती है तो...

पीएम मोदी ने कहा दुनिया, जब भारत को देखती है, परखती है, तो उसकी पहली नजर हमारी राजधानी दिल्ली पर पड़ती है। दिल्ली को हमें विकास का ऐसा मॉडल बनाना है... जहां सभी को महसूस हो कि हां, ये विकसित होते भारत की राजधानी है। आज का भारत क्या सोच रहा है, उसके सपने और संकल्प क्या हैं? ये सब कुछ आज पूरी दुनिया अनुभव कर रही है।

## डीएमके ने केंद्र सरकार बोला हमला

# डीएमके न ईडी से डरेगी और न ही पीएम मोदी से

एजेंसी ▶▶। नई दिल्ली

तमिलनाडु में द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम (डीएमके) ने शनिवार को मंत्री आई पेरियासामी और उनके विधायक बेटे आइपी सेंथिल कुमार के ठिकानों पर छापेमारी का कड़ा विरोध करते हुए केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा है। ईडी ने मनी लॉड्रिंग मामले में उनके कई ठिकानों पर छापेमारी की, जिसमें उनके और उनके परिवार के चेन्नई और डिंडीगुल स्थित परिसर भी शामिल हैं। ये छापेमारी शनिवार सुबह से ही शुरू कर दी गई थी।

**वोट चोरी से ध्यान भटकाने की कोशिश :** पार्टी के बड़े नेताओं पर छापेमारी होने से डीएमके केंद्र से नाराज़ हो गई है। डीएमके संगठन सचिव आरएस भारती ने कहा कि पार्टी 'न ईडी से डरेगी और न ही मोदी से'। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी चुनाव आयोग का दुरुपयोग कर 'वोट चोरी' कर रही है और उससे ध्यान भटकाने के लिए ईडी की कार्रवाई की जा रही है।

### मंत्री पेरियासामी के ठिकानों पर छापेमारी



### संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर कर रही भाजपा

उन्होंने दावा किया कि बीजेपी ऑटोनॉमस और एमपॉवर्ड संस्थाओं को कमजोर करने में जुटी है और इनका चुनावी हथियार के तौर पर इस्तेमाल करती है। उन्होंने सवाल उठाया कि पूर्व एआईएडीएमके मंत्रियों पर केस लंबित होने के बावजूद ईडी की ओर से उनपर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही।

### कानिमोझी बोले - डीएमके डरने वाला नहीं



डीएमके की वरिष्ठ नेता और सांसद कानिमोझी ने पेरियासामी-सेंथिल के परिसरों पर छापेमारी को लेकर बीजेपी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बीजेपी चुनाव आयोग, आयकर, सीबीआई और ईडी जैसी एजेंसियों का हथियार की तरह इस्तेमाल कर रही है। हमारे मंत्री पहले भी कई चुनौतियों का सामना कर चुके हैं। किसी भी तरह की धमकी से हमारे कार्यकर्ता और नेता डरने वाले नहीं हैं।

## गणपति बप्पा...



**मुंबई।** देशभर में 27 अगस्त से गणपति उत्सव की धूमधाम प्रारंभ हो जाएगी। जगह–जगह भगवान श्री गणेश की मूर्तियों की स्थापना के साथ ही विविध आयोजन भी होंगे। मूर्तिकार मूर्तियों को अंतिम रूप देते हुए।

## तख्तापलट की खबरों पर बोले मुनीर

# अल्लाह ने मुझे रक्षक बनाया, शहादत चाहता हूं, मुझे पद की लालसा नहीं

एजेंसी ▶▶। इस्लामाबाद

पाकिस्तान ने ऑपरेशन सिंदूर के तुरंत बाद असीम मुनीर को चीफ मार्शल बना दिया गया। मुनीर ने अमेरिका में एक प्रोग्राम के दौरान इस बात को कबूला था। उन्होंने कहा था कि कोई पूछेगा कि इस संघर्ष में किसे जीत मिली, तो हम यही कहेंगे कि चीफ मार्शल बना दिया गया, तो समझ लीजिए किसे जीत मिली होगी। इसके बाद अब फिर से मुनीर के बयान सामने आए हैं। हालांकि, इस बार उन्होंने भारत को लेकर नहीं बल्कि खुद को लेकर बयान दिया है। उन्होंने कहा कि मुझे अल्लाह ने रक्षक बनाकर भेजा है।



### पाकिस्तान का उतरेगा कर्ज

असीम मुनीर ने पाकिस्तान का कर्ज उतारने को लेकर प्लान बताया। उन्होंने कहा कि 'पाकिस्तान के पास मिनरल्स का खजाना है। इसके इस्तेमाल से हम पाकिस्तान का कर्ज उतार सकते हैं।' इसके अलावा, मुनीर ने विदेश नीति पर भी बात कही। उन्होंने कहा कि 'हम अमेरिका और चीन के बीच संतुलन बनाकर चलने वाले हैं।

### राजनीति में नहीं है दिलचस्पी

असीम मुनीर बेल्जियम के ब्रुसेल्स में एक बैठक में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने खुद की रुचि के बारे में बात करते हुए कहा कि 'मुझे राजनीति में जाने का कोई शौक नहीं है। मुझे तो अल्लाह ने रक्षक बनाकर भेजा है।' उन्होंने कहा कि 'मैं सेना का एक सिपाही हूं, जिसकी सबसे बड़ी ख्वाहिश केवल शहादत ही है।' चीफ मार्शल का ओहदा पाकर खुश होने वाले मुनीर का कहना है कि उन्हें किसी भी बड़े ओहदे का कोई लालच नहीं है।

### भारत और अफगान को दी धमकी

भारत को लगातार गीदड़भभकी देने के बाद असीम मुनीर ने फिर से बयान दिया है। उन्होंने भारत पर इल्जाम लगाते हुए कहा कि 'भारत प्रॉक्सी वॉर के जरिए पाकिस्तान की शांति खत्म करने की कोशिश कर रहा है। इसके साथ ही ऐसी गीदड़भभकी मुनीर ने अफगानिस्तान को भी दी है। साथ ही उन्होंने खुद के पाकिस्तान की राजनीति में आने पर कहा कि 'ये सरासर गलत खबरें हैं कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री को हटाया जा रहा है। मुझे राजनीति में कोई दिलचस्पी नहीं है।

## कटे-फटे पुराने नोटों को किया जा रहा है बाजार से आउट

# आरबीआई के आंकड़ों ने चौंकाया, करोड़ों नोट अचानक चलन से बाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नई दिल्ली

भारत में डिजिटल लेनदेन की बढ़ती लोकप्रियता ने न केवल भुगतान के तरीके को आसान बनाया है बल्कि अब इसके असर नोटों की हालत पर भी दिखने लगे हैं। भारतीय रिज़र्व बैंक की ताज़ा रिपोर्ट के मुताबिक देश में गंदे और क्षतिग्रस्त नोटों की संख्या में बड़ी गिरावट आई है। अप्रैल से जुलाई 2025 के बीच 5.96 अरब नोट चलन से बाहर किए गए, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह संख्या 8.43 अरब थी। यानी, एक साल में लगभग 41% की गिरावट दर्ज की गई है। भारतीय रिजर्व बैंक का कहना है कि डिजिटल पेमेंट के बढ़ते चलन, लोगों की जागरूकता और नोटों की सही देखभाल की वजह से पुराने और गंदे नोटों की संख्या में गिरावट आई है।

### डिजिटल क्रांति बनी बड़ी वजह

पिछले कुछ सालों में यूपीआई और अन्य डिजिटल भुगतान माध्यमों ने देश में लेन-देन के तरीकों को पूरी तरह बदल दिया है। लोग अब मोबाइल ऐप्स, क्यूआर कोड और ऑनलाइन बैंकिंग का इस्तेमाल अधिक करने लगे हैं। इससे नकदी की जरूरत घटी है और लोग पहले की तुलना में बहुत कम कैश लेन-देन कर रहे हैं।



### गंदे और क्षतिग्रस्त नोटों की समस्या

*कुछ साल पहले तक यह आम बात थी कि नोटों पर लोग पेन से कुछ लिख देते थे, उन्हें मोड़कर रखते थे या बहुत गंदे तरीके से इस्तेमाल करते थे। इससे वे जल्दी फट जाते थे और चलन में बने रहना मुश्किल हो जाता था। इन खराब नोटों को हटाना और उनकी जगह नए नोट छापना एक बड़ा खर्च और मेहनत का काम होता है। लेकिन अब ये तस्वीर धीरे-धीरे बदल रही है।*


### 2024 में ये नोट सबसे ज़्यादा वापस लिए गए

अगर हम अप्रैल से जुलाई 2024 के आंकड़ों की तुलना करें, तो यह साफ़ नजर आता है कि हर मूल्य वर्ग के नोटों की वापसी में उल्लेखनीय कमी आई है। वर्ष 2024 में इस चार महीने की अवधि के दौरान सबसे ज़्यादा 500 रुपये के नोट चलन से बाहर किए गए, जिनकी संख्या 3.10 अरब रही। इसके बाद 100 रुपये के 2.27 अरब नोट, 200 रुपये के 85.63 करोड़ नोट और 50 रुपये के 70 करोड़ नोट बाजार से हटाए गए थे।

### 2025 में सबसे ज्यादा सौ के नोट वापस

वहीं 2025 की इसी अवधि में 500 रुपये के 1.81 अरब नोट वापस लिए गए, जो पिछले वर्ष की तुलना में काफी कम हैं। इसी तरह 100 रुपये के 1.07 अरब नोट, 200 रुपये के 56.27 करोड़ नोट और 50 रुपये के 65 करोड़ नोटों को आरबीआई द्वारा चलन से बाहर किया गया।

**अरुणाचल में नदी पार करते मजदूर लापता-** ईटानगर। अरुणाचल प्रदेश के तिरप जिले के देवमाली में आर के मिशन स्कूल के पास नदी पार करने का प्रयास करते समय एक मजदूर लापता हो गया। अधिकारियों ने बताया कि लापता बप्पन महतो पांच अन्य लोगों के साथ नदी से निकलने की कोशिश की, लेकिन बाकी लोग तो बच निकले, लेकिन वह तेज बहाव में बह गया और तब से उसका पता नहीं चला है।



# सूदखोर तोमर भाइयों की दी गई मोहलत खत्म, चार संपत्तियां कुर्क करने कोर्ट से मिली मंजूरी

- पुलिस की आवेदन पर कोर्ट ने संपत्ति कुर्क करने दी स्वीकृति, कलेक्टर को भेजा प्रतिवेदन
- रोहित की एक तथा वीरेंद्र की तीन संपत्तियां कुर्क करने की प्रक्रिया मंगलवार से हो सकती है शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मारपीट, आर्म्स एक्ट, एक्सटार्शन समेत अलग-अलग थानों में दर्ज अन्य मामलों में फरार चल रहे सूदखोर, हिस्ट्रीशीटर रोहित तथा वीरेंद्र तोमर की कोर्ट में पेश होने की मियाद सोमवार को खत्म हो रही है। इसके बाद पुलिस उनकी संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई करेगी। सूदखोर भाइयों की संपत्ति कुर्क करने पुलिस की आवेदन कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। पुलिस के आवेदन पर कोर्ट ने कलेक्टर के पास संपत्ति कुर्क करने प्रतिवेदन भेजा है। दोनों भाई आज कोर्ट में पेश नहीं होंगे, इसके बाद पुलिस उनकी संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई करेगी।

पुरानी बस्ती सीएसपी राजेश देवांगन ने तोमर भाइयों की संपत्ति कुर्क करने के संबंध में पुष्टि करते हुए कहा कि दोनों भाई सोमवार तक सरेंडर नहीं करेंगे तो उनकी संपत्ति कुर्क करने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। अफसर के अनुसार, दोनों भाइयों की चार संपत्तियों की पहचान की गई है। एक संपत्ति रोहित तथा तीन संपत्तियां उसके भाई वीरेंद्र के नाम की हैं। दोनों भाइयों की किन संपत्तियों की कुर्की की जाएगी, फिलहाल पुलिस ने इस बात का खुलासा नहीं किया है। एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह ने सूदखोर भाइयों के खिलाफ पांच हजार रुपए ईनाम की घोषणा भी की है।

### तोमर भाइयों के ठिकाने से हुई जब्ती

- नकद राशि- 35,10,300
- सोने के आभूषण- 734 ग्राम
- चांदी के आभूषण- 125 ग्राम
- लक्जरी वाहन- बीएमडब्ल्यू, थार, ब्रेजा।
- इलेक्ट्रॉनिक सामान- लैपटॉप, आईपैड, सीपीयू, डीवीआर, चेकबुक, एटीएम कार्ड, नोट गिनने की मशीन
- दस्तावेज- जमीन की रजिस्ट्री, ई-स्टाम्प, लेन-देन का रजिस्टर
- अवैध हथियार- एक रिवाल्वर, एक पिस्टल, पांच तलवार, जिंदा और आवाजी कारतूस



### दो माह से फरार चल रहे

दोनों भाइयों के खिलाफ 5 जून को पुरानी बस्ती थाना में बीएनएस की धारा 308(2), 111(1) और छत्तीसगढ़ ऋणियों के संरक्षण अधिनियम की धारा 4 के तहत मामला दर्ज है। अपराध दर्ज होने के बाद पुलिस ने दोनों भाइयों की गिरफ्तारी की हरसंभव कोशिश की, लेकिन दोनों नहीं मिले। पुलिस के अनुसार, आरोपी फरारी के दौरान गंभीर अपराध करने की क्षमता रखते हैं और उनका खुले में घूमना समाज के लिए घातक हो सकता है। यही वजह है कि रेगुलेशन के पैरा 80-ए के तहत कार्रवाई करते हुए इनकी सूचना देने पर ईनाम घोषित किया गया है। साथ ही संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई की जा रही है।

### अंडा ठेला से लेकर राजसी ठाठ तक

वीरेंद्र तथा रोहित उत्तरप्रदेश के प्रतापपुर से वर्ष 2007-08 में रायपुर पहुंचे थे। रायपुर पहुंचने के दोनों भाई शुरुआती दिनों में अंडा ठेला लगाकर अपना गुजारा करते थे। अंडा ठेले से कमाई के चलते दोनों भाइयों ने सूदखोरी का व्यवसाय शुरू किया। वे हमपेशा लोगों को पांच हजार रुपए कर्ज देते थे और कर्ज पर हर माह 10 से 15 प्रतिशत तक ब्याज वसूलते थे। देखते ही देखते चार साल के भीतर दोनों भाइयों ने ब्लैकमेलिंग सहित तमाम तरह के हथकंडे अपनाते हुए सूदखोरी का एक बड़ा साम्राज्य स्थापित कर भाठागांव में पांच हजार वर्गफीट जमीन में करोड़ों की हवेली खड़ी कर ली। साथ ही बीएमडब्ल्यू, मर्सिडीज सहित कई महंगी कारों के मालिक बन गए।

# 27 फीसदी वेतनवृद्धि, 10 लाख का बीमा और 30 दिन के चिकित्सकीय अवकाश पर जताई सहमति

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की कार्यकारिणी समिति ने लिए कई फैसले

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की कार्यकारिणी समिति ने कर्मचारियों को 27 प्रतिशत वेतनवृद्धि का लाभ दिए जाने पर सैद्धांतिक सहमति प्रदान की है। इसके अलावा उन्हें पिछले साल के वेतन में अतिरिक्त 5 फीसदी का लाभ शासन की सहमति के उपरांत दिए जाने का फैसला लिया है। इसके अलावा उनकी तबादला नीति में सुधार के साथ 10 लाख का स्वास्थ्य बीमा और गंभीर बीमारी अथवा दुर्घटना होने पर 30 दिन तक सवैतनिक अवकाश दिए जाने का फैसला लिया है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) अंतर्गत राज्य स्वास्थ्य समिति की कार्यकारिणी समिति की बैठक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सचिव अमित कटारिया की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कर्मचारी संघ की ओर से प्रस्तुत मांगों पर चर्चा की गई। समिति ने वार्षिक कार्य मूल्यांकन (सीआर) व्यवस्था में पारदर्शिता लाने पर सहमति दी। अब राज्य और जिला स्तर पर ऐसे पदों के लिए, जिनके स्वीकारकर्ता अधिकारी मिशन संचालक होंगे, अपील सुनवाई का अधिकार स्वास्थ्य विभाग के भारसाधक सचिव को मिलेगा। वहीं जिला और विकासखंड स्तर पर जहां स्वीकारकर्ता अधिकारी कलेक्टर अथवा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी होंगे, वहां अपील मिशन संचालक के समक्ष प्रस्तुत की जा सकेगी। अपीलीय अधिकारी को प्रतिकूल टिप्पणी अथवा सेवा समाप्ति संबंधी आदेश को मान्य अथवा अमान्य करने का अधिकार दिया गया है। इसके अलावा उन्हें चिकित्सकीय अवकाश सुविधा के अंतर्गत दुर्घटना या गंभीर बीमारी की स्थिति में 30 दिन का सवैतनिक अवकाश देने का निर्णय लिया गया।

### तबादला नीति में होगा आंशिक संशोधन

मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप जुलाई 2023 की स्थिति में कार्यरत संविदा कर्मचारियों को वित्तीय वर्ष 2023-24 में 1 जुलाई 2023 से 31 मार्च 2024 तक तथा वित्तीय वर्ष 2024-25 में 5 प्रतिशत अतिरिक्त वेतन वृद्धि का लाभ वित्त विभाग, छत्तीसगढ़ शासन से सहमति उपरांत वेतन वृद्धि प्रदान किए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में स्थानांतरण नीति एवं मानव संसाधन नीति में आंशिक संशोधन करने का भी निर्णय लिया गया। इसके लिए राज्य स्तरीय समिति का गठन होगा, जो अन्य विभागों की नीतियों का अध्ययन कर नियमसंगत एवं तर्कसंगत प्रस्ताव प्रस्तुत करेगी।

# अल्पसंख्यक स्कूलों में पढ़ रहे गरीब छात्र, लेकिन शासन ने सूची से बाहर किया, फीस को तरसे

*अल्पसंख्यक स्कूलों को रखा जाता है आरटीई से बाहर*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के अल्पसंख्यक स्कूलों को उन छात्रों की फीस अब तक नहीं मिल सकी है, जिनका दाखिला उन्होंने आरटीई के तहत किया था। नियमानुसार अल्पसंख्यक स्कूलों में शिक्षा का अधिकार कानून लागू नहीं होता। प्रदेश में ऐसे बहुत से स्कूल हैं जो शुरू सामान्य स्कूल के रूप में हुए थे, लेकिन अब वह अल्पसंख्यक स्कूलों की मान्यता प्राप्त कर चुके हैं। जब वे सामान्य स्कूल के रूप में पंजीकृत थे।

*जिले में तीन ऐसे विद्यालय, जो सामान्य से तब्दील हुए अल्पसंख्यक स्कूल में*



### हम सक्षम नहीं

बार-बार निवेदन के बाद भी स्कूल शिक्षा विभाग फीस के विषय में कोई निर्णय नहीं ले रहा है। बगैर शुल्क अल्पसंख्यक स्कूल शिक्षा के अधिकार कानून में पूर्व से अध्ययनरत विद्यार्थियों को आगे पढ़ा पाने में सक्षम नहीं है।

- **राजीव गुप्ता,** अध्यक्ष, निजी स्कूल संघ

### हट गए हैं पोर्टल से

इन विद्यालयों का स्वरूप बदलने के कारण अब इनमें विद्यार्थियों का प्रवेश नहीं हो रहा है तथा यह आरटीई के पोर्टल से भी हट गए हैं। सूची से हटने के कारण इन स्कूलों में पूर्व से अध्यनरत विद्यार्थियों की प्रतिपूर्ति राशि नहीं मिल पा रही है। जो स्कूल आरटीई पोर्टल में रजिस्टर होते हैं, उन्हें ही छात्रों की दर्ज संख्या के आधार पर फीस की राशि दी जाती है। कुछ स्कूलों ने राशि नहीं मिलने के कारण पूर्व प्रवेशित आरटीई के विद्यार्थियों को पढ़ाने से मना कर दिया था, जिसकी शिकायत मंत्रियों से की गई थी।

# अतिथि व्याख्याता की भर्ती में मूलनिवासी की प्राथमिकता की अनदेखी, बिफरे अभ्यर्थी, तूता में प्रदेश स्तरीय धरना-प्रदर्शन

## छत्तीसगढ़ मूलनिवासी अतिथि व्याख्याता संघ के आव्हान पर प्रदर्शन, मुख्यमंत्री, राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

प्रदेश के महाविद्यालयों में अतिथि व्याख्याता के 800 पदों पर हो रही भर्ती में छत्तीसगढ़ के मूलनिवासी की प्राथमिकता को दरकिनार कर दूसरे राज्यों के आवेदकों की नियुक्ति को लेकर छत्तीसगढ़ मूलनिवासी व्याख्याता संघ ने मोर्चा खोल दिया है। इसके विरोध में प्रदेशभर से आए अतिथि व्याख्याता अभ्यर्थियों ने नवा रायपुर के तूता धरनास्थल पर रविवार को प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करने पहुंचे अभ्यर्थियों का कहना है कि अतिथि व्याख्याता नीति-2024 में यह स्पष्ट है कि महाविद्यालयों में अतिथि व्याख्याता की नियुक्ति में छत्तीसगढ़ के मूलनिवासी को ही प्राथमिकता देनी है। इसके बाद भी प्रदेश के विभिन्न संभागों में अतिथि व्याख्याता भर्ती नियम को दरकिनार कर भर्ती प्रक्रिया की जा रही है, जो नियमतः गलत है। दरअसल प्रदेश के कॉलेजों में नई शिक्षा नीति के तहत-2024 में अतिथि व्याख्यातों की व्यवस्था की गई है। अधिकतम 11 महीनों के लिए प्रदेश में करीब 2300 अतिथि व्याख्याताओं के पद निकाले गए हैं, लेकिन इनकी नियुक्ति में गड़बड़ी की शिकायतें आ रही है। मूलनिवासी की प्राथमिकता को दरकिनार कर दूसरे राज्य के आवेदकों की नियुक्ति को लेकर प्रदेश के



अभ्यर्थी नाराज हैं। छत्तीसगढ़ मूलनिवासी अतिथि व्याख्याता संघ के प्रदेश अध्यक्ष लवकुमार वर्मा का कहना है कि छत्तीसगढ़ में अतिथि व्याख्याता के चयन के लिए मूलनिवासी का नियम अनिवार्य है, इसके बावजूद बाहरी लोगों की नियुक्तियां धड़ल्ले से हो रही हैं। जो अतिथि व्याख्याता लंबे समय से अपनी सेवाएं दे रहे हैं और जिन्होंने महाविद्यालयों को सुचारू रूप से चलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, उन्हें प्राथमिकता दी जानी चाहिए। प्रदेश के महाविद्यालयों में अतिथि व्याख्याता पद पर स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता देने की मांग को लेकर नवा रायपुर के तूता धरनास्थल पर प्रदर्शन किया है।

### जमकर की नारेबाजी, प्रदेशव्यापी प्रदर्शन

नवा रायपुर के तूता धरनास्थल पर प्रदेश के विभिन्न स्थानों से पहुंचे अभ्यर्थियों ने अपनी एक सूत्रीय मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि राज्य के मूलनिवासी युवा नेट, सेट व एमफिल कर बेरोजगार बैठे हैं। वहीं राज्य में भर्ती प्रक्रिया में यहां के प्रशिक्षित युवाओं की अनदेखी की जा रही है, जो कि गलत है। उन्हें अतिथि व्याख्याता पद की भर्ती में पहले प्राथमिकता दी जाए। अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री और राज्यपाल के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है।

# कॉलेजों में प्राध्यापकों के 50% पद रिक्त, फिर भी 6 साल से भर्ती नहीं

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

प्रदेश के महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में सहायक प्राध्यापकों और प्राध्यापकों की नियुक्ति नहीं होने के विरोध में रविवार को अभ्यर्थियों ने धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थी नेट-सेट क्वालीफाईड और पीएचडी उपाधिधारक भी शामिल रहे। प्रदर्शन राजधानी के कलेक्ट्रेट गार्डन में हुआ। इस दौरान नेट-सेट-पीएचडी सहायक प्राध्यापक प्रतियोगी संघर्ष संघ के पदाधिकारी और सदस्य जुटे। संघ ने छत्तीसगढ़ के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में रिक्त सहायक प्राध्यापकों के रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती करने की मांग की है। संघ का कहना है कि प्रदेश के उच्च शैक्षणिक संस्थानों में प्राध्यापकों के 50 से 70% तक पद रिक्त हैं। लंबे समय से रिक्त पड़े पदों के कारण उच्च शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। शासन यदि इसमें दिलचस्पी लेते हुए रिक्त पदों पर भर्ती करे तो बेरोजगार युवाओं को रोजगार मिलने के साथ ही शिक्षा की गुणवत्ता भी बेहतर होगी। सहायक प्राध्यापक पदों में भर्ती की तैयारी कर रहे युवाओं का कहना है कि पिछले 6 सालों से इन पदों पर भर्ती नहीं होने के कारण उनकी उम्र निर्धारित आयु से अधिक हो गई है। इसलिए जब कभी भर्ती निकाली जाए, उन्हें अधिकतम आयु सीमा में छूट दी जाए। विधानसभा में पेश किए गए

# कृषि विवि से रिटायर्ड अधिकारी-कर्मचारियों की पेंशन अटकी, ग्रेच्युटी के लिए भी तरस रहे

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में जीवनभर सेवा करने के बाद सेवानिवृत्त कृषि वैज्ञानिक, डीन व अन्य समकक्ष पदों से रिटायर होने वाले अधिकारी और कर्मचारी अब अपनी पेंशन और ग्रेच्युटी की राशि के लिए तरस रहे हैं। कई अधिकारियों को पिछले साल अप्रैल से यह राशि नहीं दी जा रही है।

इस संबंध में बताया गया है कि पेंशन के मामले को लेकर कोई विवाद नहीं है, लेकिन इसे विवादित बनाया जा रहा है। इस पूरे प्रकरण में दो दर्जन से अधिक सेवानिवृत्त अधिकारी परेशान हैं। यह पूरा मामला दो प्रकार के विवादों से घिरा है। पहला तो ये कि विश्वविद्यालय में डीन, प्रोफेसर, प्राध्यापक, अनुसंधान एवं प्रसार संबंधी विभागों से 62 साल की आयु में रिटायर होने वालों को तीन साल क्लासरूम टीचर के रूप में काम करने का अवसर दिया जाता है। इस काम के दौरान उन्हें प्रशासनिक अधिकारी के रूप में कोई अधिकार प्राप्त नहीं होते, लेकिन यही क्लासरूम टीचर जब तीन साल का अतिरिक्त सेवाकाल पूरा कर रहे हैं तो इन्हें पेंशन नहीं दी जा रही है और न ही ग्रेज्युटी का भुगतान हो रहा है। उल्टे उनसे रिकवरी की अनुशंसा किए जाने की बात सामने आ रही है। हालांकि किसी से रिकवरी नहीं हुई है। इस संबंध में एक और विवाद ये बताया जा रहा है कि कई अधिकारियों को पेंशन इसलिए नहीं मिल रही है, क्योंकि उन्होंने नौकरी शुरू करने के बाद पांच साल के भीतर पीएचडी नहीं की, लेकिन इस बारे में अधिकारियों का कहना है कि इस मामले में विश्वविद्यालय का नियम ये था कि पांच साल की सेवा के बाद ही पीएचडी करने की अनुमति दी जाएगी। लिहाजा कई अधिकारी बिना पीएचडी किए ही रिटायर हो गए हैं।


## कार्यालय, नगर पालिक निगम कोरबा (छत्तीसगढ़)

फा.क्र./संपदा/15/भवन/2025/7599 — कोरबा दिनांक 11.08.2025

### लीज हस्तांतरण हेतु आम सूचना

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित व्यक्तियों के द्वारा आबंटित भवन / भूखण्ड के विक्रय/लीज हस्तांतरण के संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था / निकाय को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय प्रमाण सहित इस आम सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के भीतर नगर पालिक निगम कोरबा कार्यालय साकेत भवन में उपस्थित होकर अथवा अपने प्रतिनिधि के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. | लीजकर्ता का नाम | लीज ग्रहिता का नाम | योजना का नाम | प्रकार/ क्रमांक |
|---|---|---|---|---|
| भवन | | | | |
| 1 | श्रीमती मीनू केशरवानी पति स्व.रवि केशरवानी स्वयं एवं प्राकृतिक संरक्षिका ओम केशरवानी (नाबा.) एवं ईशा केशरवानी, निवासी- एल.आई.जी. 67, महाराणा प्रताप नगर कोरबा, तहसील जिला-कोरबा (छ.ग.) | श्री राकेश कुमार मोर्या पिता बासुदेव प्रसाद सिंह एवं श्रीमती स्नेहा भारती पति श्री राकेश कुमार मौर्या, निवासी- एल.आई.जी. 02 गुगी क्लासेस के पास एम.पी.नगर कोरबा, तहसील-दर्री, जिला-कोरबा (छ.ग.) | महाराणा प्रताप नगर कोसाबाड़ी कोरबा | एल.आई.जी. 67 |
| 2 | श्रीमती केशर पटेल पति श्री सुदेश कुमार पटेल, डी/34 सुभाष ब्लाक एसईसीएल कोरबा, तहसील व जिला-कोरबा (छ.ग.) | श्रीमती सुशीला साहू, उम्र 39 वर्ष, पति श्री मनोज कुमार साहू एवं मनोज कुमार साहू, उम्र 43 वर्ष, पिता श्री भकुलाल साहू, दोनो निवासी एम.आई. जी. 80 आर.पी. नगर कोरबा, तहसील व जिला-कोरबा (छ.ग.) | महाराणा प्रताप नगर कोसाबाड़ी कोरबा | एम.आई.जी. II/14 |
| 3 | श्री ईश्वरी लाल पटेल पिता श्री सी.पी.पटेल एवं श्रीमती बीना पटेल पति श्री ईश्वरी लाल पटेल, निवासी - सीनि.एम.आई.जी. ए/82 नेहरू नगर कोरबा, तहसील व जिला-कोरबा (छ.ग.) | श्री अमित कुमार गुप्ता, उम्र 45 वर्ष, पिता श्री विनोद कुमार गुप्ता एवं श्रीमती सोनू गुप्ता, उम्र 41 वर्ष, पति श्री अमित कुमार गुप्ता, दोनो निवासी- म.नं. 235 लालूराम कॉलोनी, ब्लू डायमंड होटल के पास, टी.पी. नगर कोरबा, तहसील व जिला-कोरबा (छ.ग.) | नेहरू नगर कोरबा | सीनि.एम.आई.जी. ए/82 |
| 4 | श्री प्रताप सिंह पिता स्व. परमल सिंह एवं श्रीमती सविता सिंह पति श्री प्रताप सिंह, निवासी पुरानी बस्ती कोरबा, तहसील व जिला-कोरबा (छ.ग.) | श्रीमती शालिनी हरदहा पटेल पति श्री दुर्गेश प्रसाद पटेल, निवासी- एम.आई.जी. II/41 डॉ. राजेन्द्र प्रसाद कोरबा, तहसील व जिला-कोरबा (छ.ग.) | पं. रविशंकर शुक्ल नगर कोरबा | एम.आई.जी. I/80 |
| 5 | श्री विवेक लाण्डे पिता श्री वासुदेव राव लाण्डे एवं श्रीमती अनिता लाण्डे पति श्री विवेक लाण्डे निवासी एल.आई.जी. 45 सरदार वल्लभ भाई पटेल नगर कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.) | श्री अशोक कुमार जौहरी पिता स्व. ओ. पी. जौहरी एवं श्रीमती शुचिता जौहरी पति श्री अशोक कुमार जौहरी, निवासी- एम.आई.जी.-421, साडा कॉलोनी जमनीपाली कोरबा (छ.ग.) | सरदार वल्लभभाई पटेल नगर कोरबा | एल.आई.जी. 45 |
| 6 | श्रीमती कुसुममलता बर्नवाल पति श्री केदारनाथ बर्नवाल, निवासी एम.आई.जी. 11/93, पं. रविशंकर शुक्ल नगर कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.) | श्रीमती उमा राठौर पति श्री अरूण कुमार राठौर, निवासी- बी/20 सुभाष ब्लॉक, एस.ई.सी.एल. कॉलोनी कोरबा, तहसील व जिला-कोरबा (छ.ग.) | पं. रविशंकर शुक्ल नगर कोरबा | एम.आई.जी. II/93 |

नोट:- निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन / आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

संपदा अधिकारी
नगर पालिक निगम कोरबा (छ.ग.)


## राशिफल

**मेष** — मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृष** — परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**मिथुन** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यभार में वृद्धि होगी। वाहन सुख में वृद्धि भी हो सकती है। व्यर्थ की चिंता बढ़ सकती हैं।

**कर्क** — क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों कार्यों में सफलता मिलेगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा। संयत रहें।

**सिंह** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा, परन्तु सन्तान के स्वास्थ्य से मन परेशान भी हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

**कन्या** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्चों की अधिकता रहेगी।

**तुला** — किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार पर ध्यान रखें। कारोबारी कार्यों में कठिनाइयां आ सकती है।

**धनु** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। संयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की परेशानी बढ़ सकती हैं।

**मकर** — क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। शैक्षिक कार्यों में मनचाही सफलता मिलेगी।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।

**मीन** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी, परन्तु शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी।


## कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)

क्र. /निर्माण/2025 — **ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना** — दिनांक 13.08.2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है:-


| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 38 (पूर्व वार्ड क्र. 34) अंतर्गत रिस्दा में सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य। (अधोसंरचना मद) (प्रथम निविदा) | 30.00 | 08.09.2025 (T.No. 173641) |
| 2 | वार्ड क्र. 38 (पूर्व वार्ड क्र. 34) अंतर्गत चेकपोस्ट भदरापारा ईश्वर साहू, मोहल्ला में माखन यादव घर से नदी तक सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य (अधोसंरचना मद) (प्रथम निविदा) | 14.50 | 08.09.2025 (T.No. 173642) |
| 3 | वार्ड क्र. 38 (पूर्व वार्ड क्र. 34) चेकपोस्ट भदरापारा ईश्वर साहू मोहल्ला में लूड्री हेम्ब्रो घर से स्व. पवन पटेल घर तक सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य। (अधोसंरचना मद) (प्रथम निविदा) | 10.00 | 08.09.2025 (T.No. 173643) |
| 4 | वार्ड क्र. 39 (पूर्व वार्ड क्र. 35) अंतर्गत विभिन्न स्थानों में सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य। (अधोसंरचना मद) (प्रथम निविदा) | 30.00 | 08.09.2025 (T.No. 173648) |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc. cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट www.korbamunicipal.in पर भी देखी जा सकती है।

।। स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें ।।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम कोरबा (छत्तीसगढ़)



## शब्द पहेली - 5961



**बाएँ से दाएं**
1. असभ्य, गंवार-5
4. कली-3
6. पराया, पंख-2
7. समुद्र-3
8. पिता की बहन-2
10. चौकसी, सुरक्षा-3
11. कृष्ण प्रेमी एक मुस्लिम कवि -4
14. छल, धोखा-3
16. पक्षी, उड़ने वाला-4
17. उन्माद-2
18. दौरा, पहरेदारी-2
19. धारण करना-4
21. आफत, मुसीबत-3
22. विदिर्ण-2,2
24. प्रकाशित-3
25. बल, जान-2
27. रसदार-3
28. जगत, दुनिया-2
29. नग, मूल्यवान पत्थर-3
30. तृप्त होना-5

**ऊपर से नीचे**
1. जबरन उठा ले जाना-5
2. महोदय (अंग्रेजी-2)
3. नीलिमा-4
4. कुंती पुत्र, राधेय-3
5. वश, अधीन-2
7. संपूर्ण, पूर्ण-2
9. शिकार-3
12. असली, शुद्ध-3
13. हठ करना, रोना -4
15. हारा हुआ, पराजित-3
16. मशवरा, सलाह-4
17. विश्राम-3
18. अभिमान-3
20. भयभीत होना-2,3
21. संभवतः-3
22. टर्पेंटाइन, गंधा बिरोजा-4
23. तरना, स्वीमिंग-3
24. इसे मकड़ी बुनती है-2
26. जी, चित-2
28. संपत्ति-2

**शब्द पहेली - 5960 का हल**



## सुडोकु नवताल 5971

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 4 | | |
| | | | | | | 5 | 8 | |
| | | | 7 | 2 | | | | |
| | | | 2 | | | | 6 | 7 |
| 4 | | | | | | | | 3 |
| 5 | 8 | | | | 9 | | | |
| | | | | 8 | 5 | | | |
| | 7 | 6 | | | | | | |
| | | 9 | 3 | | | | | |

MANGAL SENKOHA, BANGALORE


- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सुडोकु नवताल - 5970 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 9 | 7 | 8 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 5 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 4 | 6 | 2 |
| 4 | 6 | 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 1 | 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 |

## खबर संक्षेप

### बीते सप्ताह अधिकांश तेल की कीमतों में रहा सुधार



**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों में मजबूती के रुख के बीच बीते सप्ताह घरेलू बाजार में सरसों तेल-तिलहन, सोयाबीन तेल, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल कीमतों में सुधार दर्ज हुआ। ऊंचे भाव वाले सोयाबीन डीओसी की स्थानीय कमजोर मांग से सोयाबीन तिलहन कीमतों में गिरावट देखी गई।

### भारत का अमेरिका को वस्तु निर्यात जुलाई में 20% बढ़ा



**नई दिल्ली।** भारत का अमेरिका को वस्तु निर्यात जुलाई में 19.94 प्रतिशत बढ़कर 8.01 अरब डॉलर पर पहुंच गया जबकि आयात 13.78 प्रतिशत बढ़कर लगभग 4.55 अरब डॉलर रहा।अप्रैल-जुलाई की अवधि में अमेरिका को निर्यात 21.64 प्रतिशत बढ़कर 33.53 अरब डॉलर और आयात 12.33 प्रतिशत बढ़कर 17.41 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

### पतंजलि फूड्स का मुनाफा 31% घटकर 180 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** पतंजलि फूड्स लिमिटेड का जून में समाप्त पहली तिमाही का एकीकृत शुद्ध मुनाफा 31 प्रतिशत घटकर 180.35 करोड़ रुपये रहा है। खर्च बढ़ने से कंपनी का मुनाफा घटा है। एक साल पहले इसी अवधि में कंपनी को 262.72 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा हुआ था। कुल आय बढ़कर 8,912.69 करोड़ रुपये हो गई।

### जुलाई में खाद्य तेल आयात 16% घटकर 15.48 लाख टन रहा



**नई दिल्ली।** भारत का खाद्यतेल आयात जुलाई में 16 प्रतिशत घटकर 15.48 लाख टन रह है। इसकी मुख्य वजह रिफाइंड और कच्चे पाम तेल की आयात खेप में गिरावट आना है। उद्योग निकाय सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) ने यह जानकारी दी है। देश ने इस साल जुलाई में 15,48,041 टन आयात किया।

### गोदरेज प्रॉपर्टीज का ऋण 42% बढ़कर 4637 हुआ करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी गोदरेज प्रॉपर्टीज का शुद्ध ऋण चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 42 प्रतिशत बढ़कर 4,637 करोड़ रुपये हो गया है। कंपनी यह कर्ज इसलिए ले रही है। घरों की मांग को पूरा करने के लिए नई बड़ी परियोजनाएं शुरू कर सके। मार्च, 2025 के अंत तक कंपनी का कुल कर्ज 3,269 करोड़ रुपये था।

### एफपीआई ने शेयर बाजार से निकाले 20,975 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने अगस्त के पहले पखवाड़े में भारतीय शेयर बाजार में लगभग 21,000 करोड़ रुपये की बिकवाली की है। अमेरिका-भारत व्यापार तनाव, कंपनियों के पहली तिमाही के उम्मीद से कमजोर नतीजों तथा रुपये में गिरावट के बीच एफपीआई बिकवाल बने हुए हैं।
डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, इसके साथ ही 2025 में अबतक एफपीआई भारतीय शेयर बाजार से कुल 1.16 लाख करोड़ रुपये की निकासी कर चुके हैं।

# आईओसी ने खाना पकाने के बेकार तेल से बनाया विमान ईंधन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

घर या रेस्तरां में तलने के बाद अक्सर खाना पकाने के तेल को फेंक दिया जाता है। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) की एक रिफाइनरी को अब उसी तेल से टिकाऊ विमानन ईंधन (एसएएफ) बनाने का प्रमाणन मिल गया है। कंपनी के चेयरमैन अरविंदर सिंह साहनी ने यह जानकारी दी।

एसएएफ गैर-पेट्रोलियम 'फीडस्टॉक' से बना एक वैकल्पिक ईंधन है जो हवाई परिवहन से होने वाले उत्सर्जन को कम करता है। उपलब्धता के आधार पर, इसे पारंपरिक एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ या जेट ईंधन) में 50 प्रतिशत तक मिलाया जा सकता है। भारत ने 2027 से अंतरराष्ट्रीय एयरलाइन कंपनियों को बेचे जाने वाले जेट ईंधन में एक प्रतिशत एसएएफ मिश्रण को अनिवार्य कर दिया है।

## तलने के बाद अक्सर खाना पकाने के तेल को फेंक दिया जाता है

### पानीपत की रिफाइनरी तेल का उपयोग करेगी

पानीपत रिफाइनरी में इस तेल का उपयोग एसएएफ का उत्पादन करने के लिए किया जाएगा। बड़े होटल और रेस्तरां श्रृंखलाएं आमतौर पर एक बार इस्तेमाल के बाद खाना पकाने के तेल को फेंक देती हैं। वर्तमान में, यह इस्तेमाल किया हुआ खाना पकाने का तेल एजेंसियों द्वारा एकत्र किया जाता है और निर्यात किया जाता है।



### एकमात्र चुनौती तेल एकत्र करने की

साहनी ने कहा, ''देश में इस तरह का तेल बड़ी मात्रा में उपलब्ध है। एकमात्र चुनौती इसे एकत्र करने की है। हालांकि, बड़ी होटल श्रृंखलाओं से इसे एकत्र करना आसान है, लेकिन घरों सहित छोटे उपयोगकर्ताओं से इसे जुटाने के लिए समाधान खोजने की जरूरत है। कंपनी ने गुजरात स्थित अपनी कोयाली रिफाइनरी में ब्यूटाइल एक्रिलेट (बीए) का उत्पादन करने के लिए 5,000 करोड़ रुपये का एक संयंत्र भी स्थापित किया है, जिसका उपयोग पेंट बनाने में किया जाता है।

*एक प्रतिशत एसएएफ मिश्रण होगा अनिवार्य : चालू कैलेंडर साल के अंत से यह रिफाइनरी सालाना लगभग 35,000 टन एसएएफ का उत्पादन शुरू कर देगी। उत्पादन 2027 में देश के लिए अनिवार्य एक प्रतिशत मिश्रण की आवश्यकता को पूरा करने के लिए पर्याप्त होगा। एजेंसियां बड़े उपयोगकर्ताओं मसलन होटल श्रृंखलाओं, रेस्तरां और हल्दीराम से इस्तेमाल किया हुआ खाना पकाने का तेल एकत्र करेंगी और इसकी आपूर्ति पानीपत रिफाइनरी को करेंगी।*

### भारत में दूसरा बड़ा संयंत्र

डेढ़ लाख सालाना क्षमता वाला यह ब्यूटाइल एक्रिलेट संयंत्र देश में वर्तमान में आयात किए जाने वाले 3,20,000 टन वार्षिक पेंट 'फीडस्टॉक' को समाप्त करने में मदद करेगा। यह कोच्चि रिफाइनरी में भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. की इकाई के बाद भारत में इस तरह का दूसरा सबसे बड़ा संयंत्र है।

*कंपनी नवीकरणीय ऊर्जा पर काम कर रही : इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन नवोन्मेषण में सबसे आगे रही है, विशेष रूप से हरित ऊर्जा, टिकाऊ समाधान और तकनीकी प्रगति के क्षेत्रों में। कंपनी 2जी एथेनॉल, ईंधन सेल, बायो-डीजल और ऊर्जा भंडारण स्रोतों जैसे नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों पर काम कर रही है।*

## अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने में सहायक होगा

# 'अगली पीढ़ी का जीएसटी' एकल कर स्लैब की दिशा में एक बड़ा कदम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैश्विक व्यापार में शुल्क के खतरों के बीच 'अगली पीढ़ी का जीएसटी' अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने और आगे चलकर एकल कर दर व्यवस्था लागू करने की दिशा में बढ़ाया गया एक कदम है। सरकारी सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए कहा कि इसमें व्यापक सुधारों, कम कर दरों और केवल दो स्लैब का प्रस्ताव है।

सूत्रों ने कहा कि प्रस्तावित नयी जीएसटी व्यवस्था में कर दरों को कम करते हुए केवल पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत के दो स्लैब निर्धारित किए गए हैं। यदि जीएसटी परिषद प्रस्तावित दो स्लैब वाली व्यवस्था को मंजूरी देती है तो माल एवं सेवा कर (जीएसटी) व्यवस्था में 12 प्रतिशत और 28 प्रतिशत के स्लैब खत्म हो जाएंगे।

### आम इस्तेमाल की वस्तुएं निचले कर दायरे में आ जाएंगी

एक सरकारी अधिकारी ने इसे ''अगली पीढ़ी का जीएसटी'' नाम देते हुए कहा कि ''यह एक क्रांतिकारी सुधार है... भारत में हो रहे आर्थिक सुधारों के महाकुंभ में यह सबसे ऊपर है।'' अधिकारियों ने नाम न छापने की शर्त पर यह बात कही। सरकारी सूत्रों ने कहा कि नए ढांचे का मतलब होगा कि लगभग सभी आम इस्तेमाल की वस्तुएं निचले कर दायरे में आ जाएंगी।

- व्यापक सुधार और केवल दो स्लैब का प्रस्ताव
- एकल कर दर व्यवस्था लागू करने की दिशा में कदम
- केवल पांच और 18 प्रतिशत के दो स्लैब निर्धारित




### जेब में ज्यादा पैसे आएंगे, खपत बढ़ेगी

एक सूत्र ने कहा कि केंद्र सरकार कर दरों को युक्तिसंगत बनाने में कोई अल्पकालिक समाधान नहीं चाहती थी और क्षतिपूर्ति उपकर खत्म होने के साथ ही अगली पीढ़ी का जीएसटी जरूरी हो गया था। उन्होंने कहा, ''कम करों का मतलब है कि इससे लोगों की जेब में ज्यादा पैसा आएगा। इससे जाहिर तौर पर खपत बढ़ेगी।' अधिकारी ने बताया, ''साथ ही, यह भी सुनिश्चित किया गया है कि दैनिक उपयोग की वस्तुओं पर कर कम हो।''

### अंतिम लक्ष्य एकल स्लैब की ओर बढ़ना

'अंतिम लक्ष्य एकल स्लैब संरचना की ओर बढ़ना है, अभी इसके लिए सही समय नहीं है। अधिकारी ने कहा कि बदलाव की इस पूरी प्रक्रिया में हर नियम-कायदे का पालन किया जा रहा है। केंद्र सरकार नेतृत्व की भूमिका निभा रही है, लेकिन संवैधानिक जिम्मेदारी निभाते हुए दरों में संतुलन का काम मंत्रियों के समूह (जीओएम) के साथ मिलकर कर रही है।

*विकसित देशों के लिए सही है : अधिकार ने आगे कहा, ''एक बार यह व्यवस्था लागू हो जाए और भारत एक विकसित राष्ट्र बन जाए, तो हम एकल दर वाले जीएसटी के बारे में सोच सकते हैं।'' उन्होंने कहा कि एकल दर संरचना उन विकसित देशों के लिए सही है जहां आय और व्यय क्षमता एक समान है।*

### हर एक वस्तुओं को बारीकी से देखा है

अधिकारी ने कहा, ''हमने हर एक वस्तु को बारीकी से देखा है और कई मामलों में तीन-चार बार विचार भी किया है। चाहे किसानों के लिए कीटनाशक हों, छात्रों के लिए पेंसिल या एमएसएमई के लिए कच्चा माल—हर वस्तु पर विस्तार से चर्चा की गई है और उसे आवश्यक या सामान्य वस्तुओं की श्रेणी में रखा गया है।'' जीएसटी की संशोधित व्यवस्था के दिवाली तक लागू होने की उम्मीद है।

### राज्यों के वित्त मंत्रियों को प्रस्ताव भेजा गया

केंद्र सरकार ने जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने के लिए गठित राज्यों के वित्त मंत्रियों के समूह को अपना यह प्रस्ताव भेजा है। इसमें 12 और 28 प्रतिशत की मौजूदा कर दरों को हटा दिया गया है। वहीं, संशोधित जीएसटी व्यवस्था में दो कर स्लैब के अलावा विलासिता एवं अहितकर वस्तुओं के लिए 40 प्रतिशत की एक विशेष दर रखने का प्रस्ताव रखा गया है।

# शादी के 13 साल बाद मिला संतान सुख : माखीजा टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर

**बिलासपुर।** अग्रसेन चौक स्थित माखीजा टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर उन दंपतियों के लिए एक नई उम्मीद बन रहा है जो वर्षों से संतान सुख से वंचित थे। आधुनिक तकनीक और चिकित्सीय कुशलता के लिए प्रसिद्ध यह केंद्र कई निःसंतान दंपतियों को माता पिता बनने का सुख प्रदान कर चुका है। यहां मरीजों को चिकित्सा सुविधाओं के साथ-साथ उचित परामर्श भी मिलता है, जिससे कई जटिल मामलों में भी सफलता हासिल हुई है।

डा. प्रतिभा माखीजा ने बताया कि हाल ही में बेमेतरा जिला के एक ऐसे दंपति जिनकी शादी को 13 वर्ष हो चुके थे, लेकिन कोई संतान नहीं थी। उन्हें माखीजा टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर से संतान सुख मिला है। उन्होंने बताया कि जांच करने के बाद उन्हें आईवीएफ कराने की सलाह दी गई। ईलाज चालू हुआ और आज वे जुडवा बच्चों के माता-पिता हैं। ऐसे ही राजनांदगांव जिला के एक दंपति जिनकी शादी के 2 साल बाद भी कोई संतान नहीं थी, उन्हें माखीजा टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर से संतान सुख मिला है। डाक्टर ने पहले




महिला के बच्चेदानी में स्थित दीवार को लेप्रो-हिस्ट्रोस्कोपी के माध्यम से निकाला, जिसकी वजह से बच्चेदानी दो भागों में बंटी हुई थी। जिससे महिला गर्भधारण नहीं कर पा रही थी। इसके कुछ दिनों के बाद आईवीएफ किया गया। जो प्रथम प्रयास में ही सफल रहा। आज दंपति को संतान के रुप एक पुत्र है। जिससे दंपति का परिवार पूरा हो पाया। ऐसे ही कई और दंपति हैं जिन्हें माता-पिता बनने का सुख मिला है। जिन महिलाओं को बच्चेदानी में गांठ हो, अत्यधिक रक्तस्त्राव होता है, बच्चेदानी में मस्से या दीवार हो, बार बार गर्भपात होता हो या फिर बच्चेदानी में टीबी हो, अंडाशय में सिस्ट हो या कोई खराबी हो, ट्यूब बंद होने आदि की वजह से गर्भधारण नहीं हो रहा है तो वह 8085758585 पर जानकारी ले सकते हैं।

# पूंजीकरण में सबसे अधिक लाभ में एसबीआई व एचडीएफसी बैंक

- शीर्ष पांच कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 60,675 .94 करोड़ रुपए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से पांच के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 60,675.94 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ भारतीय स्टेट बैंक और एचडीएफसी बैंक को हुआ। छुट्टियों के कारण कम कारोबारी सत्र के सप्ताह के दौरान सेंसेक्स 739.87 अंक या 0.92 प्रतिशत चढ़ा, वहीं निफ्टी 268 अंक या 1.10 प्रतिशत के लाभ में रहा। शीर्ष 10




कंपनियों में से रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और समीक्षाधीन सप्ताह में भारतीय स्टेट बैंक का बाजार पूंजीकरण 20,445.82 करोड़ रुपये बढ़कर 7,63,095.16 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

*रिलायंस का बाजार पूंजीकरण बढ़ा : रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 7,848.84 करोड़ रुपये बढ़कर 18,59,023.43 करोड़ रुपये रहा। इस रुख के उलट एलआईसी का बाजार पूंजीकरण 15,306.5 करोड़ रुपये घटकर 5,61,881.17 करोड़ रुपये रह गया।बजाज फाइनेंस की बाजार हैसियत 9,601.08 करोड़ रुपये घटकर 5,35,547.44 करोड़ रुपये रह गई।*

## इंडियन पॉल्ट्री अलायंस को 800 करोड़ के कारोबार की उम्मीद



**मुंबई।** अलाना समूह की अनुषंगी कंपनी इंडियन पॉल्ट्री अलायंस (आईपीए) बढ़ती उपभोक्ता मांग के बीच अपने परिचालन के पहले वर्ष में 800 करोड़ रुपये का कुल कारोबार हासिल करने के लिए तैयार है। आईपीए ने ब्रीडर फार्म, हैचरी, फीड प्लांट, ब्रॉयलर कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग, मूल्यवर्धित लाइन और रेंडरिंग इकाइयों में एकीकृत मॉडल के माध्यम से किशनगंज, जहीराबाद, कोयंबटूर और अलीगढ़ में अपनी उपस्थिति तेजी से बढ़ाई है। इंडियन पॉल्ट्री अलायंस (अलाना ग्रुप) के चेयरमैन चित्तरंजन बहल ने बयान में कहा, ''हम पहले वर्ष में 800 करोड़ रुपये के आंकड़े को छूने को तैयार हैं, जो भारत के पॉल्ट्री क्षेत्र में हमारे द्वारा किए जा रहे संरचनात्मक बदलाव का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा, ''हमारा एकीकृत मॉडल, तेज भौगोलिक विस्तार और रणनीतिक अधिग्रहण भारत में एक आधुनिक, प्रसंस्कृत पॉल्ट्री पारिस्थितिकी तंत्र की ओर बदलाव की नींव रख रहे हैं।''

# मानसून जल्दी आने से पेंट कंपनियों की वृद्धि प्रभावित



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इस साल मानसून के समय से पहले आने और बाजार में आने वाले नए खिलाड़ियों की आक्रामक मूल्य-निर्धारण वाली कड़ी प्रतिस्पर्धा ने प्रमुख पेंट विनिर्माता कंपनियों की जून तिमाही की आमदनी पर प्रतिकूल असर डाला है। हालांकि, देश की चार प्रमुख पेंट कंपनियों.... एशियन पेंट्स, बर्जर पेंट्स, कन्साई नेरोलैक पेंट्स और अक्सो नोबेल इंडिया ने बताया कि शहरों में बिक्री बेहतर हुई है और कीमतों में बढ़ोतरी से उन्हें कुछ राहत मिली है। कंपनियों को उम्मीद है कि इस बार दिवाली थोड़ी पहले होने की वजह से अगस्त और सितंबर में उनकी बिक्री अच्छी रहेगी। एशियन पेंट के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अमित सिंगले ने कहा कि मानसून जल्दी आने से अप्रैल और मई में हुई अच्छी बिक्री पर असर पड़ा। हालांकि, शहरों में मांग में सुधार देखा गया है और उन्हें उम्मीद है कि यह आगे भी जारी रहेगा। सीईओ ने यह भी कहा कि बाजार में मुकाबला बहुत जबर्दस्त है, क्योंकि कई नई कंपनियां आ गई हैं और पुराने खिलाड़ी भी भी अच्छा कर रहे हैं।

- कड़ी प्रतिस्पर्धा ने जून तिमाही में कंपनियों की वृद्धि हुई प्रभावित
- नए खिलाड़ियों की आक्रामक मूल्य निर्धारण वाली प्रतिस्पर्धा

# पुतिन-ट्रंप वार्ता से प्रभावित होगी शेयर बाजार की चाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिवाली तक माल एवं सेवा कर (जीएसटी) व्यवस्था में बड़े सुधार, पुतिन-ट्रंप शिखर सम्मेलन और एसएंडपी के भारत की साख में सुधार करने से इस सप्ताह घरेलू शेयर बाजार की चाल प्रभावित हो सकती है। विश्लेषकों ने कहा कि इसके अलावा वैश्विक बाजारों के रुझान और विदेशी निवेशकों का रुख भी घरेलू निवेशकों की धारणा को प्रभावित करेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को दिवाली तक जीएसटी व्यवस्था में बड़े सुधारों की घोषणा की, जिससे रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतें कम होंगी। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, ''इस सप्ताह बाजार में उत्साह के साथ शुरुआत होने की संभावना है, क्योंकि बाजार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वतंत्रता दिवस संबोधन से आशान्वित हैं। दिवाली से पहले जीएसटी दरों में संभावित कटौती के उनके बयान से बाजार की धारणा में उल्लेखनीय सुधार हो सकता है और शेयर बाजार सुस्ती की गिरफ्त से बाहर आ सकते हैं। इस बीच, भारत ने शनिवार को अलास्का में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन के बीच शिखर वार्ता का स्वागत किया।

- जीएसटी सुधार व भारत की साख में सुधार से भी होगा बाजार प्रभावित



### एफआईआई का रुख प्रभावित हो सकता है

विजयकुमार ने आगे कहा, ''रेटिंग एजेंसी एसएंडपी के भारत की साख रेटिंग को 'बीबीबी-' से बढ़ाकर 'बीबीबी' करने से एफआईआई का रुख प्रभावित हो सकता है। मीणा ने कहा कि वैश्विक मोर्चे पर अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक के विवरण और अमेरिकी व्यापक आर्थिक आंकड़ों पर भी बाजार की नजर रहेगी।


### सुधार जोखिमों को कम करने लाया गया

ईवाई इंडिया के कर भागीदार सौरभ अग्रवाल ने कहा, ''जीएसटी 2.0 के लिए प्रधानमंत्री का नजरिया एक जुझारू भारतीय अर्थव्यवस्था की दिशा में समय से उठाया गया रणनीतिक कदम है। ये केवल प्रक्रियात्मक बदलाव नहीं हैं, बल्कि जरूरी संरचनात्मक सुधार हैं, जिन्हें वैश्विक व्यापार तनाव से पैदा होने वाले जोखिमों को कम करने के लिए लाया गया है।''

# सैमसंग ने भारत में लैपटॉप का विनिर्माण किया शुरू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दक्षिण कोरिया की इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी सैमसंग ने भारत में ग्रेटर नोएडा स्थित अपने कारखाने में लैपटॉप बनाना शुरू कर दिया है। मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने यह जानकारी दी। कंपनी पहले से ही ग्रेटर नोएडा स्थित अपने कारखाने में मोबाइल फोन, स्मार्टवॉच और टैबलेट बना रही थी। अब इसमें लैपटॉप भी शामिल हो गया है। एक सूत्र ने बताया, /''सैमसंग ने अपने विनिर्माण पोर्टफोलियो का विस्तार किया है।



- कंपनी पहले से मोबाइल फोन, स्मार्टवॉच और टैबलेट बना रही थी
- सैमसंग ने अपने विनिर्माण पोर्टफोलियो का विस्तार किया

कंपनी ने ग्रेटर नोएडा स्थित कारखाने में लैपटॉप बनाना शुरू कर दिया है। सैमसंग की योजना भारत में और भी कई उपकरण बनाने की है।''

सैमसंग को भेजे गए ईमेल का कोई उत्तर नहीं मिला। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सैमसंग के बड़े अधिकारियों से मुलाकात के बाद कहा था कि सैमसंग भारत में अपनी प्रतिभा और नवोन्मेषण के जरिये आधुनिक प्रौद्योगिकी वाले उपकरणों का विनिर्माण बढ़ा रही है।

*भारत की दूसरी सबसे बड़ी स्मार्टफोन कंपनी काउंटरपॉइंट रिसर्च की रिपोर्ट के अनुसार, सैमसंग मूल्य और मात्रा के हिसाब से भारत की दूसरी सबसे बड़ी स्मार्टफोन कंपनी है। हालांकि, लैपटॉप खंड में यह खास पहुंच नहीं बना पाई है। साइबरमीडिया रिसर्च की रिपोर्ट के अनुसार, सैमसंग टैबलेट पीसी खंड में 15 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ दूसरे नंबर पर है।*

## उन उद्योगों पर असर पड़ेगा जो अमेरिकी बाजार पर ज्यादा निर्भर

# अमेरिकी शुल्क से रोजगार पर असर को लेकर विशेषज्ञ बंटे

एजेंसी ▶▶| मुंबई

अमेरिका द्वारा भारतीय निर्यात पर लगाए गए भारी शुल्क ने भारत में रोजगार को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं। कुछ विशेषज्ञ तत्काल नौकरियों के संकट की चेतावनी दे रहे हैं, जबकि कुछ अन्य का मानना है कि भारत की घरेलू मांग और व्यापार में विविधता इस प्रभाव को कम करने में मदद करेगी।

कार्यबल समाधान और मानव संसाधन सेवा प्रदाता जीनियस एचआरटेक के संस्थापक, चेयरमैन और प्रबंध निदेशक आर पी यादव ने कहा, ''अमेरिका द्वारा हाल में लगाए गए अतिरिक्त शुल्कों का भारत के रोजगार परिदृश्य पर सीधा और व्यापक प्रभाव पड़ने की आशंका है। इसका विशेष रूप से उन उद्योगों पर असर पड़ेगा जो कारोबार की निरंतरता और वृद्धि के लिए अमेरिकी बाजार पर बहुत अधिक निर्भर हैं।''

*कपड़ा, वाहन उद्योग ज्यादा प्रभावित होगा : यादव ने कहा कि कपड़ा उद्योग, वाहन कलपुर्जे बनाने वाले, कृषि और रत्न-आभूषण जैसे क्षेत्र सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे। इसका सबसे बड़ा बोझ सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यमों (एमएसएमई) पर पड़ेगा। उनका अनुमान है कि लगभग दो से तीन लाख नौकरियां खतरे में हैं। सिर्फ कपड़ा उद्योग में ही, जो ज्यादा श्रम पर निर्भर है, अगले छह महीने से ज्यादा अगर यह शुल्क जारी रहा तो लगभग एक लाख नौकरियां जा सकती हैं।*

- कुछ विशेषज्ञ तत्काल नौकरियों के संकट की चेतावनी दे रहे



### हीरा व आभूषण उद्योग में हजारों नौकरियां खतरे में

यादव ने आगे कहा, ''इसी तरह, हीरा और आभूषण उद्योग में भी हजारों नौकरियां खतरे में हैं, क्योंकि अमेरिका में मांग कम हो रही है और लागत बढ़ रही है। हालांकि, टीमलीज़ सर्विसेज़ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बालासुब्रमण्यम आनंद नारायणन का मानना है कि नौकरियों के जाने की संभावना फिलहाल नहीं है।

### अमेरिका को हमारा निर्यात 87 अरब डॉलर

अमेरिका को हमारा निर्यात 87 अरब डॉलर का है, जो हमारे कुल सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का लगभग 2.2 प्रतिशत है। दवा उद्योग, इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे बड़े क्षेत्र अभी प्रभावित नहीं होंगे। इससे यह असर सीमित होकर कपड़ा, रत्न-आभूषण जैसे उद्योगों तक ही रहेगा। उन्होंने कहा, ''ये शुल्क इस महीने के अंत तक लागू होंगे और उससे पहले कुछ बातचीत होने की संभावना है।/''

### हम व्यापार को दूसरे बाजारों की ओर मोड़ रहें

यादव ने कहा, ''दूसरी ओर, हमारे लिए कुछ अच्छी खबरें भी रही हैं, जैसे हाल ही में ब्रिटेन और अन्य देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) हुए हैं। अगर अमेरिका ये नए शुल्क लागू भी करता है, तो हम अपने व्यापार को दूसरी बाज़ारों की ओर मोड़ने या विविध बनाने का रास्ता ज़रूर निकाल लेंगे। इसलिए फिलहाल हमें नौकरियों में कमी के कोई संकेत नहीं दिख रहे हैं। यह स्थिति लगातार बदल रही है और आने वाले समय में हमें और स्पष्टता मिलेगी।/''

# एशिया कप में भारत का दबदबा,5 कप्तानों की कप्तानी में रचा खिताबी इतिहास

एशिया कप 2025 का आगाज 9 सितंबर से यूएई में होने जा रहा है। इस टूर्नामेंट की सबसे सफल टीम भारत ही रही है। भारत ने पिछले 16 में से 8 बार खिताब अपने नाम किया है। जबकि दूसरे नंबर पर श्रीलंकाई टीम है, जो 6 बार एशिया कप की ट्रॉफी अपने नाम करने में सफल रही है।

## भारत ने 8 बार जीता खिताब, श्रीलंका ने 6 बार ट्रॉफी अपने नाम की

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

एशिया कप के 17वें सीजन का आगाज 9 सितंबर से यूएई में होने जा रहा है। इस टूर्नामेंट की सबसे सफल टीम भारत ही रही है। भारत ने पिछले 16 में से 8 बार खिताब अपने नाम किया है। जबकि दूसरे नंबर पर श्रीलंकाई टीम है जो 6 बार एशिया कप की ट्रॉफी अपने नाम करने में सफल रही है। तो 2 बार पाकिस्तान ने ये खिताब जीता है। वहीं भारत को 8 बार खिताब जिताने के पीछे 5 कप्तानों का योगदान रहा है। 1984 से शुरू हुए एशिया कप का पहला खिताब भी भारत ने ही जीता था। 2023 में हुए आखिरी सीजन में भी भारत विजयी रहा था। एक नजर एशिया कप खिताब जीतने वाले भारतीय कप्तानों पर डालते हैं।




### सुनील गावस्कर

सुनील गावस्कर एशिया कप का खिताब जीतने वाले पहले कप्तान थे। उन्होंने ये उपलब्धि 1984 में हासिल की थी। भारत ने फाइनल में पाकिस्तान को धूल चटाकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया था और यहीं से टीम इंडिया ने एशियाई टीमों पर अपना दबदबा बनाना शुरू किया था।

### दिलीप वेंगसरकर

1986 की खराब परफॉर्मेंस के बाद दिलीप वेंगसरकर भारत को 1988 में एक बार फिर एशिया कप का चैंपियन बनाया। इस बार टूर्नामेंट में 4 टीमों ने हिस्सा लिया था।





### मोहम्मद अजहरुद्दीन

1988 से 1995 तक एशिया कप पर भारत का राज रहा है। इस दौरान कुल तीन बार टूर्नामेंट का आयोजन हुआ। 1988 के बाद अजहरुद्दीन ने एशिया कप 1991 में टीम इंडिया की कमान संभाली और चैंपियन बनाया। इसके बाद 1995 में फिर भारत ने उनकी अगुवाई में ट्रॉफी जीती।



### एमएस धोनी

2004 और 08 के तो फाइनल तक टीम इंडिया पहुंची थी, लेकिन दोनों ही बार श्रीलंका ने उन्हें हराकर खिताब अपने नाम किया। इसके बाद 2010 में एमएस धोनी की कप्तानी में भारत फिर चैंपियन बना और 15 साल का सूखा खत्म किया।

### रोहित शर्मा

2018 में विराट कोहली की गैरमौजूदगी में रोहित शर्मा को एशिया कप में टीम इंडिया को लीड करने का मौका मिला। इसके बाद 7वीं बार उनकी कप्तान को एशिया कप का खिताब मिला। इसके बाद 2023 में भी रोहित की कप्तानी में भारत ने ट्रॉफी जीती।



## खबर संक्षेप



### भाटिया ने बनाया 'होल इन वन', जीती कार

**मैरीलैंड (अमेरिका)।** भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर अक्षय भाटिया ने तीसरे दौर में चार अंडर 66 का कार्ड खेला, जिसमें एक बर्डी और एक 'होल इन वन' भी शामिल रहा। इससे वह संयुक्त 22वें स्थान पर बने हुए हैं। इस प्रदर्शन की बदौलत उन्हें फेडेक्स कप में शीर्ष 30 में बने रहने और अगले हफ्ते टूर चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने का मौका मिला। भाटिया 16वें होल पर बर्डी और 17वें होल पर 'होल इन वन' के साथ संयुक्त 37वें स्थान से संयुक्त 22वें स्थान पर पहुंच गए। पीजीए टूर पर भाटिया का पहला 'होल इन वन' था, जिससे उन्हें एक बीएमडब्ल्यू आईएक्स मिलेगी और साथ ही चार साल की इवांस स्कॉलरशिप भी मिलेगी।

### डेनिश ओपनः अहलावत संयुक्त 28वें स्थान पर

**कोपेनहेगन (डेनमार्क)।** भारतीय खिलाड़ी वीर अहलावत ने तीसरे राउंड में एक अंडर 70 का कार्ड खेला, जिससे वह फुरेसियो गोल्फ क्लब में चल रही डेनिश गोल्फ चैंपियनशिप में संयुक्त 28वें स्थान पर पहुंच गए। अहलावत के लिए यह एक दिलचस्प राउंड था क्योंकि उन्होंने शुरुआत से ही लगातार 14 पार लगाए।


## द हंड्रेड 2025: वेल्स के खिलाफ ओवल टीम ने बनाएं 226 रन

# कॉक्स ने मचाया कोहराम, 29 गेंद में 13 बाउंड्री और 86 रन, गेंदबाजों पर बरपाया कहर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

द हंड्रेड 2025 के 16वें मैच में ओवल इनविंसिबल्स के बल्लेबाज जॉर्डन कॉक्स ने अपनी तूफानी बैटिंग से कोहराम मचा दिया। वेल्स के खिलाफ मुकाबले में जॉर्डन कॉक्स ने 29 गेंद में नाबाद रहते हुए 86 रन कूट दिए। अपनी इस पारी में जॉर्डन ने 10 छक्के और 3 चौके भी लगाए। इस दौरान उन्होंने 5 गेंद में 4 सिक्स लगाकर गेंदबाज की हालत खराब कर दी। जॉर्डन की इस शानदार बल्लेबाजी के लिए कारण ही ओवल की टीम ने 4 विकेट के नुकसान पर 226 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में वेल्स की टीम 143 रन ही बनाई, जिससे ओवल को 83 रन से जीत मिली।

वेल्स के खिलाफ इस मुकाबले में जॉर्डन ने किसी भी गेंदबाज को नहीं बख्शा। अपनी इस पारी में 10 छक्के के साथ उन्होंने लियाम लिविंगस्टोन के 10 छक्कों के रिकॉर्ड की बराबरी की। हैरानी की बात ये है कि कॉक्स ने अपनी पहली आठ गेंदों पर सिर्फ आठ रन बनाए थे, लेकिन जैसे ही उन्होंने अपना गियर बदला जॉर्डन ने मैदान पर तबाही मचा दी।



### ओवल इनविंसिबल्स ने बनाया बड़ा स्कोर

*मैच में 226 रन बनाते ही ओवल इनविंसिबल्स की टीम ने इतिहास रच दिया है। टीम ने इसी के साथ द हंड्रेड टूर्नामेंट के लीग का सबसे बड़ा स्कोर बना दिया है। इससे पहले द हंड्रेड लीग में सबसे बड़ा स्कोर बनाने का रिकॉर्ड मैनचेस्टर ओरिजनल्स की टीम के नाम था। ओरिजनल्स की टीम ने साल 2022 में नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स की टीम के खिलाफ 208 रन बनाए थे। लेकिन अब ये कीर्तिमान टूट चुका है और ओवल इनविंसिबल्स की टीम ने नई इबारत लिखी है।*

### जॉर्डन कॉक्स ने खेली दमदार पारी

*ओवल इनविंसिबल्स की टीम के लिए ओपनिंग की जिम्मेदारी विल जैक्स और तवांडा मुयेये ने संभाली। इन दोनों प्लेयर्स ने अच्छी बल्लेबाजी की और पहले विकेट के लिए 76 रनों की साझेदारी करके बड़े स्कोर की नींव रख दी थी। इसके बाद तीसरे नंबर पर जॉर्डन कॉक्स ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी का नमूना पेश किया। उन्होंने 29 गेंदों में कुल 86 रन बनाए, जिसमें तीन चौके और 10 छक्के शामिल रहे। वह अंत तक आउट नहीं हुए। सैम करन के बल्ले से 34 रन निकले। इन प्लेयर्स की वजह से ही टीम बड़ा स्कोर बनाने में सफल हो पाई।*

### एलिसा ने लगाया शतक

**ब्रिस्बेन।** स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज एलिसा हीली की नाबाद 137 रन की पारी की मदद से ऑस्ट्रेलिया ए ने रविवार को भारत ए के खिलाफ तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में नौ विकेट से जीत दर्ज की। भारत ने शुक्रवार को दूसरे मैच में दो विकेट से जीत हासिल कर तीन मैचों की श्रृंखला 2-0 से अपने नाम कर ली थी। भारतीय टीम ने पहले मैच में तीन विकेट से जीत दर्ज की थी। भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा के 52 और विकेटकीपर यास्तिका भाटिया के 54 गेंदों में 42 रन की बदौलत 216 रन बनाए, लेकिन पूरी टीम 47.4 ओवर में आउट हो गई। ऑस्ट्रेलिया ए की कप्तान ताहलिया मैकग्रा ने आठ ओवर में 49 रन देकर तीन विकेट चटकाए।



### वेल्श फायर के बल्लेबाज रहे फायर

वेल्श फायर की टीम के लिए कप्तान जॉनी बेयरस्टो ने जरूर 28 गेंदों में 50 रन बनाए, जिसमें पांच चौके और तीन छक्के शामिल रहे। लेकिन उनके अलावा बाकी के खिलाड़ी रन बनाने के लिए तरसते रहे। इसी वजह से पूरी टीम सिर्फ 143 रन ही बना सकी। ओवल इनविंसिबल्स के लिए टॉम करन ने सबसे ज्यादा चार विकेट अपने नाम किए और उन्होंने टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका अदा की।

## डीपीएल

# ढुल ने खेली तूफानी पारी लगाए 8 चौके और 7 छक्के



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

यश ढुल के शानदार शतक की बदौलत सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के बारिश से प्रभावित मैच में नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स को 15 रन से हरा दिया। यश ढुल ने 56 गेंद पर 101 रन बनाए, जिसमें आठ चौके और सात छक्के शामिल हैं। युगल सैनी ने 28 गेंदों में 63 रन बनाकर उनका अच्छा साथ दिया, जिससे सेंट्रल दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 16 ओवर में सात विकेट पर 197 का विशाल स्कोर खड़ा किया। स्ट्राइकर्स के लिए हर्षित राणा ने बेहतरीन गेंदबाजी की और चार ओवर में सिर्फ 35 रन देकर तीन विकेट लिए। अर्जुन राप्रिया ने हैट्रिक ली, लेकिन वह दो ओवर में 30 रन देकर काफी महंगे साबित हुए।

■ राणा ने 4 ओवर में 35 रन देकर चटकाए 3 विकेट

### मौकों का पूरा फायदा उठाना चाहता हूंः यश

भारत के पूर्व अंडर-19 विश्व कप विजेता कप्तान यश ढुल शीर्ष स्तर की क्रिकेट में जगह बनाने के अपने सपने को पूरा करने के लिए मौकों का पूरा फायदा उठाना चाहते हैं, जैसा कि उन्होंने यहां दिल्ली प्रीमियर लीग में शानदार शतक जड़कर किया था। ढुल ने बारिश से प्रभावित इस मैच में शतक जमाया, जिससे सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स को 15 रन से हराया। ढुल ने कहा, 'मैं इस बारे में सोचता हूं कि मुझे जो अवसर मिला है उसका मैं कैसे फायदा उठाऊं। अगर आप भविष्य के बारे में बहुत ज्यादा सोचते हैं तो आप वर्तमान में अच्छा नहीं खेल सकते।' उन्होंने कहा, 'मैं केवल मौजूदा अवसरों पर ध्यान केंद्रित करता हूं। मैं लाल गेंद से भी अभ्यास कर रहा हूं। राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (अब बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस) में सफेद गेंद से लाल गेंद के क्रिकेट में बदलाव के बारे में जो सीख मिली उससे मुझे काफी फायदा मिल रहा है।' पिछले वर्ष जुलाई में एक जन्मजात समस्या के कारण हृदय की सर्जरी के कारण ढुल को विश्राम लेना पड़ा और उसके बाद उन्होंने मजबूत वापसी करने पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने कहा, 'उस घटना ने मेरी बहुत मदद की क्योंकि मुझे पता चला कि मैं क्या कर सकता हूं।

## सिंकफील्ड कप

# गुकेश करेंगे क्लासिकल शतरंज में वापसी, प्रज्ञानंदा की स्थिति मजबूत



एजेंसी ⏭ सेंट लुई (अमेरिका)

विश्व चैंपियन डी. गुकेश सोमवार से शुरू हो रहे सिंकफील्ड कप से संक्षिप्त अंतराल के बाद क्लासिकल शतरंज में वापसी करेंगे जबकि भारत के एक अन्य खिलाड़ी आर. प्रज्ञाननंदा ग्रैंड शतरंज टूर के पांचवें चरण की इस प्रतियोगिता में पोडियम स्थान हासिल कर अपनी कुल पांचवीं रैंकिंग मजबूत करना चाहेंगे। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले रहे हैं। नॉर्वे के ग्रैंडमास्टर ने खुले तौर पर स्वीकार किया है कि अब उन्हें क्लासिकल शतरंज पसंद नहीं है। कार्लसन के नहीं खेलने के बावजूद इस प्रतियोगिता में कई शीर्ष खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

### गुकेश का क्लासिकल शतरंज में शानदार रिकॉर्ड

अमेरिका के फैबियानो कारुआना, फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा तथा अच्छी फॉर्म में चल रहे आर्मेनियाई से अमेरिकी बने लेवोन अरोनियन भारतीय जोड़ी के लिए कड़ी चुनौती पेश करने की पूरी संभावना रखते हैं। गुकेश को रैपिड शतरंज में वर्तमान फॉर्म को देखते हुए प्रबल दावेदारों में शामिल नहीं किया जा सकता लेकिन यहां नहीं भूलना चाहिए कि भारतीय ग्रैंड मास्टर का क्लासिकल शतरंज में शानदार रिकार्ड रहा है।

### प्रज्ञानंदा जीतने के लिए तत्पर



इस बीच प्रज्ञाननंदा ने अगले वर्ष के कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करके अपनी स्थिति पहले ही मजबूत कर ली है। कैंडिडेट्स टूर्नामेंट से विश्व खिताब के लिए गुकेश के प्रतिद्वंदी का फैसला होगा। गुकेश और प्रज्ञाननंदा दोनों ने अगले महीने उज्बेकिस्तान में होने वाली ग्रैंड स्विस प्रतियोगिता में भाग लेने का निर्णय लिया है, जिससे यह स्पष्ट हो गया है कि वे सब कुछ जीतने के लिए तत्पर हैं। प्रज्ञाननंदा ग्रैंड शतरंज टूर की तालिका में वर्तमान में गुकेश से आगे हैं, लेकिन निरंतरता बनाए रखना महत्वपूर्ण होगा क्योंकि इस प्रतियोगिता में उनका सामना अनुभवी प्रतिद्वंद्वियों से होगा। यह प्रतियोगिता दस खिलाड़ियों के बीच नौ राउंड में खेली जाएगी, जिसकी कुल पुरस्कार राशि 350,000 अमेरिकी डॉलर है।







जैन चुस्की **जाहिर सूचना** जैन चुस्की

यह आम जनता, व्यापारियों तथा व्यापार जगत को सूचित किया जाता है कि जैन चुस्की हमारा क़ानूनी रूप से पंजीकृत ट्रेडमार्क है, जो ट्रेड मार्क्स अधिनियम, 1999 के अंतर्गत सुरक्षित है। इस ब्रांड नाम का उपयोग करने का विशेष अधिकार केवल हमें प्राप्त है। हमें ज्ञात हुआ है कि बाज़ार में कुछ पक्ष हमारे पंजीकृत ब्रांड से मिलते-जुलते या भ्रामक रूप से समान नाम/चिन्ह का उपयोग करने का प्रयास कर रहे हैं, जो पूर्णतः अवैध है। स्पष्ट किया जाता है कि जैन चुस्की अथवा उससे मिलते-जुलते किसी भी नाम/चिन्ह का बिना अनुमति क्रय-विक्रय, निर्माण एवं भण्डारण, उपयोग, नकल या अनुकरण हमारे वैधानिक अधिकारों का उल्लंघन माना जाएगा।

इसके विरुद्ध कड़ी क़ानूनी कार्यवाही (सिविल एवं आपराधिक दोनों) की जाएगी, जिसके समस्त परिणाम, जोखिम एवं खर्च उल्लंघनकर्ता स्वयं वहन करेगा। अतः सभी व्यक्ति, फर्म एवं संस्थाएँ इस सूचना द्वारा सचेत किए जाते हैं कि हमारे पंजीकृत ब्रांड नाम का किसी भी प्रकार से दुरुपयोग न करें।

अधिवक्ता
मुबिना खान
मो. 9584767999

# महा-सुनामी की चेतावनी! उठेंगी 1,000 फीट ऊंची लहरें!

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में इस वक्त एक विनाशकारी महा-सुनामी की चेतावनी से दहशत का माहौल है। अमेरिकी प्रशांत तट के कुछ हिस्सों पर ये मेगा आ सकती है। वैज्ञानिकों के मुताबिक, कैस्केडिया सबडक्शन जोन में एक भीषण भूकंप आने की आशंका है। इसके बाद महा सुनामी की लहरें 1,000 फीट की ऊंचाई तक उठेंगी। सुनामी का यह खतरा कैस्केडिया सबडक्शन जोन में आने वाले शक्तिशाली भूकंप के कारण पैदा होगा। सुनामी के कारण अमेरिका का कुछ हिस्सा 6.5 फीट तक डूब सकता है। वर्जीनिया टेक के शोधकर्ताओं ने भविष्यवाणी की है कि अगले 50 वर्षों के भीतर कैस्केडिया सबडक्शन जोन में 8.0 या उससे अधिक तीव्रता का भूकंप आने की 15% आशंका है। नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज की कार्यवाही में प्रकाशित स्टडी के अनुसार, 8 की तीव्रता का ये शक्तिशाली भूकंप तटीय एरिया को 6.5 फीट तक डुबो सकता है।




### 1700 में आया था बड़ा भूकंप

वर्जीनिया टेक रिसर्च टीम के अनुसार, कैस्केडिया सबडक्शन जन उत्तरी अमेरिका की सबसे खतरनाक फॉल्ट लाइनों में से एक है। सदियों से समुद्री जुआन डे फूका प्लेट के उत्तरी अमेरिकी प्लेट के नीचे धकेले जाने से टेक्टोनिक तनाव बढ़ता है। जब किसी बड़े भूकंप के दौरान यह तनाव कम होता है, तो तटीय क्षेत्रों में अचानक जमीन धंस सकती है। इससे बाढ़ और विकराल रूप ले सकता है। इस फॉल्ट पर आखिरी बड़ा भूकंप 1700 में आया था। इससे जापान तक सुनामी का असर हुआ था।

### सुनामी के सबसे ज्यादा जोखिम वाले क्षेत्र

वर्जीनिया टेक के रिसर्च में दक्षिणी वाशिंगटन, उत्तरी ओरेगन और उत्तरी कैलिफोर्निया को सीएसजेड महा-सुनामी से बाढ़ के प्रति सबसे ज्यादा संवेदनशील क्षेत्रों के रूप में पहचाना गया है। हालांकि, अलास्का और हवाई भी सुनामी का काफी सामना करते हैं। लेकिन वे भौगोलिक रूप से कैस्केडिया सबडक्शन जोन से दूर हैं। अध्ययन में चेतावनी दी गई है कि भूकंप के कारण 30,000 से अधिक मौतें हो सकती हैं। 1,70,000 से अधिक स्ट्रक्चर को नुकसान पहुच सकता है। जबकि 81 अरब डॉलर से अधिक का आर्थिक नुकसान हो।

# आईएसएस पर एआई डॉक्टर करेगा अंतरिक्ष यात्रियों का इलाज



**वॉशिंगटन।** नासा गूगल के साथ मिलकर काम कर रहा है, ताकि अंतरिक्ष यात्रियों को स्वास्थ्य सेवा में मदद मिल सके। गूगल अपने एआई टूल्स का इस्तेमाल करके एक एआई आधारित मेडिकल असिस्टेंट बना रहा है। यह असिस्टेंट उन अंतरिक्ष यात्रियों की देखभाल करेगा जो अपने मिशन के लिए हफ्तों या महीनों तक अंतरिक्ष में रहते हैं। स्पेस मिशन के लिए एक डॉक्टर को अपने साथ ले जाना काफी मुश्किल भरा होने के साथ महंगा भी होता है। इसलिए नासा अब टेक्नोलॉजी की मदद ले रहा है।

### कैसे काम करता है?

यह एआई डॉक्टर मेडिकल सहायता के लिए कई तरह से काम करता है। आप इसे मैसेज लिखकर, फोटो भेजकर या बोलकर भी इस्तेमाल कर सकते हैं। गूगल अपने वेरटेक्स एआई क्लाउड नेटवर्क का इस्तेमाल कर रहा है, जिससे ये एआई डॉक्टर तेजी से काम कर सके। इस ऐप से सोर्स कोड का मालिकाना हक नासा के पास होगा और गूगल को स्वास्थ्य संबंधी डाटा मिलेगा। इससे इस एआई डॉक्टर को और बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

### कैसे रहे शुरुआती नतीजे?

सीएमओ-डीए के शुरुआती टेस्ट में काफी अच्छे नतीजे मिले हैं। यह डॉक्टर टखने की चोट, कान में दर्द और दूसरी समस्याओं का पता लगाने में कामयाब रहा। रिपोर्ट में सामने आया कि टखने से जुड़ी समस्याओं के लिए 88%, पीठ दर्द के लिए 74% और कान के दर्द के लिए 80% तक सही रहा।

### क्यों ली जा रही है एआई की मदद?

जब नासा के अंतरिक्ष मिशन छोटे होते हैं तो वो एस्ट्रोनॉट्स की मदद कर सकते हैं, लेकिन लंबी यात्राओं के लिए उन्हें बेहतर मदद की जरूरत होती है। इसे समस्या से निपटने के लिए एक एआई तैयार किया जा रहा है और इसका नाम क्रू मेडिकल ऑफिसर डिजिटल असिस्टेंट है। यह एआई इन परेशानियों से निपटेगा और उनकी सेहत पर खुद से नजर रखेगा।

# बॉडी है या नोटिस बोर्ड! शख्स ने पूरे शरीर पर बनवाए टैटू, खर्च किए 2 करोड़

**ओटावा।** टैटू बनवाने का शौक नया नहीं है। याद करिए 90 के दशक का वो दौर जब लोग डब्ल्यूडब्ल्यूएफ देखकर पहलवानों की तरह टैटू बनवाना चाहते थे। धीरे-धीरे ये शौक भारत में भी फैल गया। पर कुछ लोगों को टैटू बनवाना सिर्फ शौक नहीं है, बल्कि उनके लिए जुनून जैसा हो जाता है। ऐसा ही एक कनाडा के व्यक्ति के साथ भी है जिसके शरीर पर इतने टैटू हैं कि उसे देखकर आपको लगेगा कि वो उसका शरीर है या कोई नोटिस बोर्ड। शख्स ने टैटू बनवाने पर 2 करोड़ से ज्यादा रुपए खर्च कर दिए, मगर उसने ये भी बताया कि किस हिस्से पर बनवाने में सबसे ज्यादा दर्द हुआ। टैटू बनवाना आजकल एक आम फैशन ट्रेंड है, लेकिन कनाडा के रेमी के लिए यह सिर्फ एक शौक नहीं, बल्कि उनकी पूरी जिंदगी का जुनून बन चुका है। रेमी को दुनिया का सबसे ज्यादा टैटू बनवाने वाला पिता कहा जाता है। उन्होंने अपने शरीर पर इतने टैटू बनवाए हैं कि कई जगहों पर 10 से 30 से ज्यादा लेयर बन चुकी हैं। उनका दावा है कि इतनी लेयर, घंटे और सेशन किसी इंसान ने अब तक नहीं करवाए। रेमी का टैटू बनवाने का सफर साल 2001 में शुरू हुआ, जब उन्होंने पहला फेशियल पियर्सिंग करवाया।



### बॉडी आर्ट नहीं, बल्कि एक लाइफस्टाइल है

पहले एक रेस्तरां में शेफ के तौर पर काम करने वाले रेमी अब हफ्ते में कई बार टैटू पार्लर जाते हैं और हर बार अपने शरीर पर नई आर्ट जोड़ते हैं। अब तक वे अपने बॉडी आर्ट पर 2,15,000 (करीब 2.3 करोड़) खर्च कर चुके हैं। रेमी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं। जहां कुछ लोग उनके लुक्स पर ट्रोल करते हैं, वहीं उनके कई फैंस उनकी इस यात्रा को प्रेरणादायक मानते हैं। रेमी ने इंटरव्यू में बताया कि टैटू बनवाते समय उन्हें सबसे ज्यादा दर्द अंदरूनी जांघ, गुप्तांग और नितंबों के अंदरूनी हिस्से में हुआ। उन्होंने कहा – मेरे शरीर के लगभग सभी हिस्सों पर कई लेयर में टैटू हैं और मुझे यकीन है कि मेरे जितना किसी ने टैटू नहीं करवाया। उनके लिए दर्द कोई बड़ी रुकावट नहीं है। उन्होंने बताया कि उनके गुप्तांग कई बार टैटू हो चुके हैं, और उनके कंधों के नीचे पर 16 और 17 बार, यानी कुल 33 बार टैटू सेशन हुए हैं। रेमी का कहना है कि आर्मपिट का दर्द उतना भयानक नहीं, जितना लोग बताते हैं। उनके लिए यह सिर्फ बॉडी आर्ट नहीं, बल्कि एक लाइफस्टाइल है। वे मानते हैं कि अपने शरीर को अपनी पसंद के मुताबिक बदलना, खुद को एक्सप्रेस करने का सबसे बड़ा तरीका है।












हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com